चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 236, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 25 सितंबर 2023

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सीएम योगी ने भारत मोटो जीपी के विजेता मार्को बेजेची को प्रदान की ट्रॉफी

ट्रॉफी वितरण से पूर्व सीएम योगी ने मोटो जीपी की मुख्य रेस का किया अवलोकन, अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स बेजेची और मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबले के भी साक्षी बने सीएम

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'मोटो जीपी भारत' के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी की मुख्य रेस का अवलोकन किया और रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की। इससे पहले सीएम योगी मोटो जीपी रेस के अंतिम क्षणों के रोमांच के गवाह भी बने, जब अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स के बीच आगे निकलने की होड़ मची थी। सीएम योगी के साथ केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की मोटो जीपी का अयोजन भारत में पहली बार किया जा रहा है। 22 सितंबर से ही इस इवेंट के तहत विभिन्न रेस का आयोजन किया जा चुका है। रविवार सुबह ही सीएम योगी ने मोटो जीपी से जुड़े ऑर्गनाइजर्स और स्टेक होल्डर्स को भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय खेल के अयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया था।

सीएम ने देखा अंतिम लैप का रोमांचः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य रेस का अवलोकन करने के लिए गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे और कुछ देर रेस के अंतिम क्षणों का लुत्फ उठाया। इस दौरान फाइनल लैप में शीर्ष 2 राइडर्स मार्को बेजेची और जे मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबला चल रहा था। खासतौर पर अंतिम लैप में दोनो

ही राइडर्स जान लगाते नजर आए। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के वर्ल्ड क्लास ट्रैक पर पावरफुल बाइक्स के शोर के बीच वीआईपी लाउंज के सेकंड फ्लोर की बालकनी में खड़े होकर सीएम योगी ने भारत में पहली बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता के रोमांचकारी आखिरी लम्हों का लुत्फ उठाया। इस बीच हरदीप सिंह पूरी के साथ वह रेस के विषय में चर्चा करते भी नजर आए। रेस खत्म होने के बाद सीएम योगी और अनुराग ठाकुर ने पोडियम एरिया में शीर्ष 3 राइडर्स को ट्रॉफी प्रदान की। विनर ट्रॉफी को भारत के नक्शे के आकार का बनाया गया था। ट्रॉफी वितरण के बाद तीनों राइडर्स पारंपरिक अंदाज में शैंपेन के साथ जश्न मनाते नजर आए।

21 लैप में पूरी हुई रेसः मोटो जीपी की मुख्य रेस 21 लैप में पूरी हुई। हर लैप्स में ड्राइवर्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शनिवार को क्वालीफाइंग के दौरान शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मार्को बेजेची ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विजेता होने का गौरव जसिलंक।

सीएम ने उद्यमियों और किसानों की हर समस्या के निस्तारण का दिया आश्वासन

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में हरियाणा टेक्सटाइल एसोसिएशन एवं निवेशकों से संवाद के साथ ही किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी भेंटवार्ता की। इस दौरान किसानों और उद्यमियों ने सीएम के समक्ष अपने मुद्दों को रखा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने शोर भूमि के संबंध में मुख्यमंत्री जी द्वारा लिए गए फैसले को लेकर उनका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सीएम ने किसानों और उद्यमियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी समस्या उनके सामने आएगी, उसका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार किसानों और उद्यमियों के लिए हर समय उपलब्ध है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद सीएम ने जिले के अधिकारियों से शहर की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है तेलंगाना जीत सकते हैंः राहुल गांधी

'एमपी-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जीत रही'

नई दिल्ली

राहुल गांधी ने दावा किया है इसी साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। तेलंगाना जीत सकते हैं। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। राहुल गांधी रविवार को दिल्ली में एक मीडिया हाउस इवेंट में मौजूद थे, वहीं उन्होंने ये बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है। राहुल ने यह भी कहा कि जब भी संसद में कोई बात रखी जाती है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। हमने सीख लिया है, इससे कैसे निपटना है। कर्नाटक चुनाव से सबक सीखकर पार्टी का नैरेटिव बनाया राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा है कि भाजपा ध्यान भटकाती है। वह हमें अपना नैरेटिव बनाने से रोकती रही। इसी तरह पिछले कई चुनाव जीतती आई। इससे ही सबक लेकर हमने अपनी पार्टी का नैरेटिव बनाते हुए कर्नाटक का चुनाव लड़ा था। राहुल ने बताया- हमने कर्नाटक की जनता को एक सीधा-सीधा दृष्टिकोण दिया कि उनके लिए कई सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम हैं, जिन्हें लागू किया जा रहा है। और इसी तरह हम नैरेटिव को कंट्रोल कर पाए। सरकार कह रही है कि महिलाओं को इस बिल का लाभ 10 साल बाद मिलेगा, लेकिन कांग्रेस चाहती है कि इसका लाभ तुरंत मिले।। राहुल बोले- हम शायद तेलंगाना

'चाहें तो कल सुबह लागू कर दें महिला आरक्षण'

महिला आरक्षण विधेयक कल सुबह लागू किया जा सकता है। बस इतना कहना है कि लोकसभा और विधानसभाओं में 33% सीटें आरक्षित की जाएंगी। रिजर्वेशन का जनगणना या परिसीमन से कोई संबंध नहीं है। सरकार कह रही है कि महिलाओं को इस बिल का लाभ 10 साल बाद मिलेगा, लेकिन कांग्रेस इसे अभी चाहती है।

बीजेपी ने मीडिया पर कब्जा कर रखा हैः कम्युनिकेशन आर्किटेक्च र पर भाजपा का इतना कब्जा है कि लोगों से बात करना प्रैक्टिकली असंभव है। बीजेपी ने चाहे कितनी भी ताकत लगा ली हो, मीडिया ने कितना भी तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश की, लेकिन यह काम नहीं आया। यह समस्या सिर्फ भारत में नहीं है। इसका सामना दुनिया भर में हो रहा है।

'चंद्रयान-3 और जी20 से भारत की साख बढ़ीः मोदी

नई दिल्ली

मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी20 समिट की सफलता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे चंद्रयान की सफलता के लिए कई पत्र मिले। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपनी लीडरशिप का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जर्मनी की एक लड़की की भी चर्चा की। वो देख नहीं पाती, लेकिन संस्कृत के श्लोक इतने आसानी से गाती हैं जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह

भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपनी लीडरशिप का लोहा मनवायाः पीएम

जाए। पीएम ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन-होयसड़ा मंदिर की भी चर्चा की।

'2024 में भाजपा को सरप्राइज देगा विपक्ष'

राहुल गांधी ने विपक्षी अलायंस इंडिया चीजों के साथ खुद को ढाल रहा है और एक साथ काम कर रहा है। विपक्ष के साथ भारत की 60% आबादी है। हम निश्चित रूप से 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सरप्राइज देने वाले हैं। राहुल ने दावा किया कि उनकी पार्टी ऐसी स्थिति में ढल रहे हैं जहां भाजपा मीडिया को नियंत्रित करती है।

असली मुद्दों से मुकाबला नहीं कर सकती भाजपाः राहुल

भारत में असली मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, निचली जाति, ओबीसी और आदिवासियों से अन्याय और महंगाई हैं।

भाजपा उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए कहती है- आइए बिधूड़ी जी एक बयान दें।

आइए एक साथ आएं और एक साथ चुनाव कराएं। आइए भारत का नाम बदलें। ये सब ध्यान भटकाने वाला है। हम इसे जानते-समझते हैं। और हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे।

में जीत सकते हैं, क्योंकि वहां बीजेपी पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। लेकिन निश्चित रूप से हम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीतेंगे। राजस्थान में मामला बहुत करीबी है। हमें लगता है कि हम वहां भी जीत जाएंगे। बीजेपी भी अंदरखाने यही कह रही है। गौरतलब है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में 2023 में ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। मध्यप्रदेश में इखढ, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है।

कारोबारी के इकलौते बेटे की किडनैपिंग के बाद हत्या

प्रयागराज

प्रयागराज के शंकरगढ़ में कारोबारी के 13 साल के इकलौते बेटे की किडनैप करके हत्या कर दी गई। रविवार सुबह बच्चे का शव चित्रकूट के जंगल में मिला है। शनिवार शाम को बच्चे के अपहरण के 5 घंटे बाद पिता के मोबाइल पर बदमाशों की एक कॉल आई। इसमें कहा था कि 15 लाख रुपए लेकर रीवा के डभऊरा के जंगल में आओ...नहीं तो तुम्हारे बेटे को गोली मार देंगे। पिता ने यह सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नंबर सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू की।

सिंधिया ने तेजू एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

लोहित

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश में अपग्रेडेड तेजू एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी मौजूद रहे। यह एयरपोर्ट लोहित जिले में स्थित हैं।

'अरुणाचल प्रदेश के लिए आज का दिन एतिहासिक' : नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज अरुणाचल प्रदेश के लिए एक एतिहासिक दिन है।आज 170 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश और 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्र वाले हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया है।यह प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के कारण हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर-पूर्व क्षेत्र में केवल नौ एयरपोर्ट थे, जिनकी संख्या अब 17 हो गई है। यह कनेक्टिविटी सामरिक महत्व और समृद्धि लाएगी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि लाने का एक माध्यम है।

नई टर्मिनल बिल्डिंग का हुआ उद्घाटनः इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा कि तेजू एयरपोर्ट पर एक नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन 24 सितंबर को होगा। मौजूदा समय में यह घरेलू हवाई अड्डा एक ही रनवे पर संचालित होता है। यह एयरपोर्ट 212 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने शेयर किया वीडियो :केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नए टर्मिनल बिल्डिंग की विशेषताओं को बताते हुए एक वीडियो 'एक्स' पर शेयर किया है। उन्होंने कहा कि टर्मिनल क्षेत्र 4000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। इसकी पीक ऑवर क्षमता 300 यात्री की है।

केरल में पांच और नमूनों का टेस्ट आया 'नेगेटिव'

तिरुवनंतपुरम

केरल में बढ़ते निपाह वायरस के प्रकोप के बीच एक सकारात्मक खबर सामने आई है, जिसमें लैब टेस्ट के लिए भेजे गए पांच और नमूने नेगेटिव आए है। इसकी जानकारी केरल के स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय ने रविवार को एक बयान में दी। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि पांच मरीजों से एकत्र किए गए नमूनों के नतीजे निपाह वायरस के लिए 'नेगेटिव ' आए हैं। बयान में आगे कहा गया कि अब तक नए मामले सामने नहीं आए हैं। 915 लोग

अपने घरों में आइसोलेशन में हैं।

केरल में 'वन हेल्थ' होगा शुरू : राज्य स्वास्थ्य मंत्री वीना ने सुबह कोर कमेटी की बैठक में मौजूदा स्थिति का विश्लेषण किया है। इससे पहले एक प्रेस वार्ता में मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

भारतीय नौसेना को मिला तीसरा मिसाइल-एम्युनिशन जहाज

'मेक इन इंडिया' पहल में मिली एक और कामयाबी

नई दिल्ली

तीसरी मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, यार्ड 77 को 22 सितंबर को आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी के गुट्टेनादेवी में कमांडर जी रवि, युद्धपोत उत्पादन अधीक्षक (विशाखापत्तनम) द्वारा शुरू किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है।

स्वदेशी निमार्ताओं से प्राप्त सभी प्रमुख और सहायक उपकरण के साथ, यह बार्ज रक्षा मंत्रालय की 'मेक इन इंडिया' पहल का एक गौरवशाली ध्वजवाहक है।

आत्मनिर्भर भारत की पहलः भारत

सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप, 08 एक्स मिसाइल-एम्युनिशन बार्ज का निर्माण और वितरण के लिए इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के साथ अनुबंध किया गया था।

पहले भी दो जहाज हुए शुरू : एमएसएमई शिपयार्ड ने पहले ही 18 जुलाई, 2023 को पहला एमसीए बार्ज वितरित कर दिया है और 18 अगस्त 2023 को दूसरा बार्ज लॉन्च किया। यह बार्ज 30 साल की सेवा जीवन के साथ भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के तहत बनाया जा रहा है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, "एमसीए बार्ज की उपलब्धता आईएन जहाजों के लिए घाटों और बाहरी बंदरगाहों पर परिवहन, आरोहण।

पीएम ने 11 राज्यों को दिया वंदे भारत ट्रेनों का तोहफा

वंदे भारत का क्रेज बढ़ रहा है। इससे अब तक 1 करोड़ 11 लाख से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैंः पीएम

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (24 सितंबर) को 9 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। ये ट्रेनें 11 राज्यों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगीं। इन राज्यों में राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिमी बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा- नए भारत के नए लोग नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है। मुझे इस बात की खुशी है कि

वंदे भारत का क्रेज बढ़ रहा है। इससे अब तक 1 करोड़ 11 लाख से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को अब तक 25 वंदे भारत ट्रेनों की सुविधा मिल रही है। अब इसमें 9 और वंदे भारत जुड़ जाएंगीं। प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशन के विकास पर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि देश के कई रेलवे स्टेशन गुलामी के काल में बने थे।

कार्यकर्ता दलित और गैर हिंदुओं के बीच ज्यादा काम करेंः संघ

लखनऊः लखनऊ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) प्रमुख मोहन भागवत का 3 दिवसीय प्रवास का रविवार 24 सितंबर को आखिरी दिन है। प्रवास के दूसरे दिन भागवत ने कार्यकताओं से दलित और गैर हिंदुओं के बीच जाकर ज्यादा काम करने को कहा। साथ ही गुरुद्वारा, चर्च और मस्जिदों में जाकर लोगों से संपर्क करने की बात भी कही।

भागवत ने अवध प्रांत के पदाधिकारियों और प्रचारकों के साथ बैठक की। साल 2025 संघ का शताब्दी वर्ष है। तब तक भारत के हर गांव में संघ की शाखा खड़ी करने का लक्ष्य रखा गया। शताब्दी वर्ष को लेकर संघ की योजना पर मंथन किया। संघ प्रमुख ने शताब्दी वर्ष में हर गांव में संघ की शाखा और मिलन कार्यक्रम को लेकर योजना तैयार

करने के निर्देश दिए। लखनऊ में भागवत की मौजूदगी में हुई बैठक में 26 जिलों की कार्यकारिणी शामिल हुई।

अब दलितों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की तैयारीः भागवत के इस दौरे को दलितों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। दलित बस्तियों में शाखाएं लगाने जैसे काम उनकी समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए कैंप लगाने की भी योजना तैयार की जा रही है, ताकि दलित और आदिवासी बस्तियों में संघ का प्रचार-प्रसार किया जा सके।

संघ के शताब्दी दिवस और विस्तार के मुद्दे पर चर्चाः मोहन भागवत अवध में संघ के विस्तार के साथ ही शताब्दी दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

इसके साथ ही अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार देने और हिंदुत्व के मुद्दे पर मंथन चल रहा है।

अपहरण के बाद किशोर की हत्या, जंगल में मिली लाश

शंकरगढ़ कस्बे से खरगोश दिखाने के बहाना किया गया था अगवा, रातभर समीपवर्ती जंगलों की खाक छानती रही प्रयागराज पुलिस

अखंड भारत संदेश

मृतक शुभ की फाइल फोटो

बारा/शंकरगढ़। जल्द अमीर बनने की चाहत ने सालों पुराने भरोसे का कत्ल कर दिया। यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम जिस व्यापरी के पुत्र शुभ (13) का अपहरण किया गया था, उसकी हत्या कर दी गई। प्राथमिक छानबीन में यह बात सामने आई है कि व्यापारी के यहां एक युवक ट्रक चलाता था। जिसे निकाल दिया गया था।उसी ट्रक चालक का भाई व्यापारी के यहां आता-जाता था। व्यापारी का परिवार भी ट्रक चालक व भाई के प्रति कोई दुराभाव नहीं रखता था, लेकिन व्यापारी के परिवार के भरोसे का लाभ उठाते हुए ट्रक चालक के भाई ने उस भरोसे का कत्ल कर दिया। रातभर से कांबिंग कर रही प्रयागराज पुलिस ने शुभ के शव को बरामद कर लिया है। पोस्टमार्टम के लिए कर्वी (चित्रकूट) भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ नगर पंचायत के व्यापारी पुष्पराज केसरवानी उर्फ विक्की केसरवानी के बेटे शुभ केसरवानी (14) शनिवार की शाम चार बजे अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान वह संदिग्ध दशा में गायब हो गया। परिजन शुभ की तलाश में जुटे थे। इसी दौरान रात नौ बजे व्यापारी के पास फोन आया कि 15लाख रुपये फिरौती दे दो, नहीं तो बेटे शुभ की हत्या कर दी जाएगी।इससे परेशान विक्की केसरवानी ने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस हरकत में आई तो अपहरणकताओं ने मासूम शुभ केसरवानी की हत्या कर शव कर्वी के जंगलमें फेंक दिया। इधर, प्रयागराज पुलिस की कई टीमों ने खोजबीन शुरू करदी और रातभर आसपास के जंगलों में कांबिंग की गई। बताया जाता है कि खोजबीन के दौरान अरवारी मोड़ से हरदीकला गांवके बीच जंगल में शुभ का शव पाया गया। इसके बाद फारेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किया। शव को पोस्टमार्टम केलिए कर्वी भेजा गया है। इस प्रकरण में पुलिस ने कुछ संदिग्धों के साथ निकाले गए ट्रक चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ताकि मामले की पूरी असलियत सामने आ सके।

दूसरी तरफ जैसे ही अपहरण और उसके बाद हत्या की खबर शंकरगढ़ पहुंची, कोहराम मच गया। मासूम किशोर शुभ के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सांत्वना देनेवालों का तांता लगा हुआ है। इस घटना को लेकर शंकरगढ़ बाजार में भी सुबह से बंदी रही।

पुलिस मुठभेड़ में अपहताओं को लगी गोली

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, शंकरगढ़ थाने में कार्यरत सिपाही सागर भी गोली लगने से घायल

अखंड भारत संदेश

बारा। नगर पंचायत शंकरगढ़ के रहने वाले शुभ केसरवानी (13) पुत्र पुष्पराज केसरवानी की हत्या के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस की दो अपहताओं से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनों को गोली लगी है। क्रास फायरिंग में सिपाही सागर भी हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। यह मुठभेड़ शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बरगड़ी के समीप हुई है।

फिरौती के लिए अपहरण की हत्या की खबर मिलने के बाद पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने भी मौका मुआयना किया और हालात का जायजा लेने के साथ-साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। दोनों अपहताओं के कब्जे से दो पिस्टल-कारतूस, बिना नंबर की बाइक, मोबाइल फोन और शर्ट बरामद हुई है। बताते चलें कि शंकरगढ़ कस्बा के सदर बाजार निवासी विक्की केसरवानी के बेटे शुभ केसरवानी (13) शनिवार की शाम दुकान से गायब हो गया था। रात लगभग नौ बजे अज्ञात नंबर से आए फोन से अपहरण की जानकारी हुई। अपहरणकताओं ने 15 लाख रुपये लेकर समीप के डभौरा जंगल में बुलाया था। इसके बाद विक्की केसरवानी ने पुलिस की मदद ली। पुलिस सक्रिय हुई तो अपहरण कताओं ने शुभ केसरवानी की हत्या का शव को फेंक दिया। दूसरी तरफ, सक्रियता सेजुटी एसओजी व शंकरगढ़ पुलिस की कई टीमों ने पूरे जंगल को घेर रखा था। इस वजह से बदमाशों को भागने का कोई मौका नहीं मिला और रविवार को जंगल में कांबिंग के दौरान दो अपहरणकताओं से मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों की पहचान संजय और सुखदेव के रूप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि शंकरगढ़ कस्बा निवासी पुष्पराज केसरवानी उर्फ विक्की के बेटे शुभ को ट्रक चालक (पुष्पराज केसरवानी के ट्रक का पुराना चालक) का भाई और एक अन्य रिश्तेदार जंगल में खरगोश दिखाने का बहाना बनाकर साथ ले गए थे। जंगल में लेजाने के बाद दोनों ने शुभ की हत्या कर दी और फिरौती मांगने की नीयत से शुभ के घरवालों को फोन मिलाया। इसके बाद शुभ के अपहरण की जानकारी हो पाई। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि संवेदनशील मामले की तत्काल जांच शुरू की गई और जंगल की कांबिंग शुरू की गई। जिसमें गणेश नामक व्यक्ति की निशानदेही पर बरगढ़ (चित्रकूट) के जंगल से शुभ का बरामद हुआ। मामले की छानबीन चल ही रही थी कि इसी दौरान दो अपहताओं की लोकेशन ट्रेस हुई, जब पुलिस ने घेराबंदी की तो दोनों ने फायर खोल दिया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में दोनों घायल हो गए, जिन्हे अस्पताल ले जाया गया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। दोनों के कब्जे से दो पिस्टल, चार कारतूस, बिना नंबर की मोटरसाइकिल, शर्ट और फोन बरामद हुआ है। आरोपियों ने शर्ट को धोने की कोशिश की थी। पूरे मामले की विवेचना जारी है।

शंकरगढ़ में मृतक शुभ का दाह संस्कार आक्रोशित परिजनों द्वारा न करने पर अड़े रहने पर भारी भीड़ व परिजनों के बीच पहुंची सांसद रीता बहुगुणा जोशी समझाती हुईं।

मालिकाना अधिकार आंदोलन कारियों ने दिया धरना

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी उप्र श्रमिक कॉलोनियों के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर प्रभावित लोगों ने आज श्रमिक कॉलोनी, नैनी में धरना दिया। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए श्रमिक कॉलोनी समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि समिति द्वारा आंदोलन शुरू किए जाने के पश्चात सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। पूर्व उप श्रम आयुक्त प्रयागराज द्वारा किए गए घोटालों, मानस पार्क,राजकीय श्रम हितकारी केंद्र और तमाम खेल के मैदान पीएसी को दिए जाने के संबंध में जांच शुरू हो गई है। कार्यालय श्रम आयुक्त, उप्र कानपुर, में तैनात उपश्रम आयुक्त अंजू वर्मा ने तथा राजेश मिश्र, उपश्रम आयुक्त, प्रयागराज ने समिति के सचिव विनय मिश्र को पत्र भेजकर इस जांच की जानकारी दी है। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि श्रमिकों की मुख्य समस्या उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना हक दिए जाने के लिए बिक्री प्रक्रिया शुरू की गई थी। बहुत से लोगों ने पैसा भी जमा कर दिया। लेकिन नतीजा शून्य रहा। आंदोलनकारी लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि इस संबंध में से शीघ्र ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को फिर से पत्र भेज कर समस्या से अवगत कराया जाएगा। ताकि समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यूपी में मालिकाना अधिकार दिए जाने हेतु बिक्री प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। कार्यक्रम में उमानन्द मिश्र, उमेश गुप्त, गुड्डू राय, अमर चंद शर्मा, मो शाहिद, अजमत हुसैन,तंजीम खान, राघवेंद्र सिंह गर्वनर, लक्ष्मीकांत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, गोपाल जी आदि लोग रहे।

रविवार की भोर में राम विशुन भारतीय की गांव के बाहर खून से लथपथ शव को ग्रामीणों ने देखा तो सनसनी फैल गई। रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। तो देखे की सिर और चेहरा बेरहमी से कूंच कर निर्मम हत्या की गई थी

दानपुर चकिया में बुजुर्ग की सिर कूंच कर निर्मम हत्या

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। घूरपुर थाना क्षेत्र मे एक बुर्जुग की लाठी से सिर और चेहरा कूंच कर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव लेने का प्रयास किया तो आक्रोशित परिजनों ने पुलिस उच्च अधिकारियों को आने की बात कही। उच्च अधिकारी पहुंचे तो पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के दानपुर चकिया करमा की है, रविवार की भोर में राम विशुन भारतीय की गांव के बाहर खून से लथपथ शव को ग्रामीणों ने देखा तो सनसनी फैल गई। रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। तो देखे की सिर और चेहरा बेरहमी से कूंच कर निर्मम हत्या की गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को आक्रोशित परिजन शव उठाने का विरोध कर हंगामा करने लगे और उच्च अधिकारियों को आने की बात कही। पुलिस उच्च अधिकारी पहुंचे और कड़ी

आक्रोशित परिजनों ने घंटो उठाने नहीं दिया शव

बुर्जुग अपने बाबा के कब्र पर रोज चढ़ाता था फूल और जल उसी स्थान पर की गई हत्या

बुर्जुग राम विशुन भारतीय के बाबा का कब्र गांव के बाहर बाग में स्थित है। राम विशुन रोजाना नित्य क्रिया के बाद बाबा के कब्र पर फूल और जल चढ़ाने के बाद ही घर वापस आता था। घटना की सुबह भी वह अपने बाबा के कब्र पर फूल और जल चढ़ा चुका था कि उसके बाद ही सिर और चेहरा कूंच कर हत्या कर दी गई।

कार्रवाई करने के आश्वाशन देने के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। एसीपी कौधियारा संत लाल सरोज पहुंच डॉग स्क्वायड टीम और फोरेंसिक टीम को सूचना देकर बुलाया सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कर जांच के लिए ले गई वही डॉग स्क्वायड टीम ने घटना के कुछ दूरी पर एक घर से बांस का डंडा प्राप्त किया जो पानी से धुला हुआ था लेकिन नीचे कुछ खून के धब्बे लगे हुए थे जिससे यह संदेह हो रहा है कि है हत्या में इस डंडे का भी प्रयोग किया गया था। घर में मिले डंडे के घर के तीन संदिग्ध युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना स्थल पर पहुंचे एसीपी कौधियारा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है कुछ संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है जल्द ही घटना का सफल अनावरण किया जाएगा। मृतक कि पत्नी का 2 वर्ष पूर्व इंतकाल हो चुका है और उनके तीन बेटे और तीन बेटियां हैं जिनकी शादियां कर चुका हैं। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि किसी से कोई रंजिश नहीं है बताया जाता है कि जिस युवक ने हत्या की है उसकी मानसिक स्थित ठीक नहीं है। फिलहाल पुलिस तीन संदिग्ध को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

धूमधाम से विदा हुए मानस पार्क के गणपति

नैनी। नैनी सार्वजनिक गणपति उत्सव मंडल, नैनी, प्रयागराज एवं आभा ग्रामीण विकास सेवा संस्थान, नैनी, प्रयागराज द्वारा गणपति मानस पार्क, श्रमिक बस्ती, नैनी में आयोजित यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव के अंतिम दिन पूर्व महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता ने भगवान गणेश का पूजन अर्चन, आरती की। गणेश उत्सव महिला मंडल ने माल्यार्पण कर एवं पगड़ी पहना कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक महेश मधुकर मंगरुलकर, सहसंयोजक राजकुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा,एवं महामंत्री बालकृष्ण मिश्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, महेश मधुकर मंगरुलकर, आरके शुक्ला, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार त्रिपाठी, बालकृष्ण मिश्रा, शिव शंकर दीक्षित, अभिषेक पांडेय, पूर्व पार्षद नीलम यादव, पं संजय व्यास, चंद्रकांत मंगरुलकर, सुमन पाठक, तीर्थ प्रकाश तिवारी, आनंद सिंह, अतुल सिंह, रजत दुबे, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जतिन ठाकुर, सचिन तिवारी, दीप प्रताप सिंह,आनन्द शर्मा, ज्योति मंगरुलकर ,अलका विश्वकर्मा, पुष्पा सिंह, भावना मंगरुलकर, अंश मंगरुलकर, सुलोचना जायसवाल, रेखा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, सरोज सिंह, पिंकी गुप्ता, रिंकी गिरी, मंजू तिवारी ने सहयोग किया।

खुराना मार्केट में कलाकारों ने भक्तों को किया मनमुग्ध

नैनी। नैनी शंकरढाल खुराना मार्केट में गणपति महोत्सव के छठवें दिन रविवार शाम को पूजा अर्चना के बाद आरती के बाद प्रसाद का आयोजन किया गया। आये हुये भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के बाद पंडाल मे कलाकार द्वारा कलात्मक झांकी पेश हुई पंडाल में कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमे आये हुये भक्तो ने कलाकार के साथ झूम-झूम कर नाचने लगे कार्यक्रम देखकर मन मुग्ध हो गये। कार्यक्रम के अंत में कमेटी के समाजसेवी राजेश साहू ने यह निर्णय लिया कि 25 तारीख सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर पप्पू कालिया सब्जी मंडी रितेश गुप्ता विकास गुप्ता अभय गुप्ता शेखर आकाश गुप्ता महावीर विनोद केसरवानी छोटू केसरवानी ने आये हुये भक्तों को धन्यवाद व्यक्त किया।

प्राथमिक विद्यालय मना का पूरा में हुई चोरी

सैदाबाद। विकासखंड सैदाबाद के प्राथमिक विद्यालय मना का पूरा में रात में चोरों ने ताला तोड़कर किचन से सभी बर्तन चुरा लिए। बगल के दूसरे कमरे से बड़े बक्से में रखे हुए खेल के समान छोटी कुर्सी एवं कमरे में रखी हुई बड़ी कुर्सी सहित अन्य समाज को चुरा ले गए। सुबह 7:30 बजे विद्यालय में रसोईया एवं विद्यालय के शिक्षक पहुंचे। तो उन्होंने देखा कि दो कमरे व किचन का कुंडी तोड़कर उसमें रखे गए सभी सामान को चोरों ने चुरा लिया है। जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान त्रिभुवन व अन्य लोगों को दी गई। ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक ने जिसकी सूचना सैदाबाद पुलिस चौकी में दे दी है। उक्त जानकारी प्रधानाध्यापक इंद्रेश कुमार तिवारी ने दिया।

घर पर खड़ी हाईवा ट्रक का रिम समेत टायर खोल ले गए चोर

कोरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के समलीपुर गांव में खड़ी हाईवा ट्रक के पीछे का अज्ञात चोर बीती रात्रि को रिम समेत दो टायर खोल ले गए। सुबह होने पर जब वाहन स्वामी ने देखा तो उसके होश उड़ गए। जिसके बाद भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। आशीष कुमार द्विवेदी एडवोकेट पुत्र स्व हरिवंश द्विवेदी निवासी समलीपुर थाना कोरांव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि प्रार्थी के गांव में ही ईंट प्लांट व विद्यालय है। वहीं पर हाईवा ट्रक खड़ा था। 23 सितंबर की रात अज्ञात चोर हाईवा ट्रक के पीछे के दो टायर जग लगाकर रिम समेत खोल ले गए। सुबह जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों से पता किया लेकिन कुछ अता पता नहीं चला। भुक्तभोगी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 2 वर्ष पूर्व 10 हॉर्स पावर की मोटर भी चोर खोले गए हैं। जिसका भी अभी तक कुछ आता पता नहीं चला है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने किसी एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। क्षेत्र में हो रही चोरियों का खुलासा न होने और चोरों की गिरफ्तारी न हो पाने से आए दिन चोरी की वारदातें होती रहती हैं।

लोगों के सिर चढ़ बोल रहा काली घाटी का भूत !

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा रात के अंधेरे में बनाया गया वीडियो और क्लिक की गई फोटो

अखंड भारत संदेश

फाफामऊ। वैसे तो आज के आधुनिक युग में भूत-प्रेत पर बात करना भी हास्यास्पद प्रतीत होता है। फिर भी कहीं न कहीं मन के किसी कोने में भूतप्रेत के बारे में जानने को लेकर उत्सुकता बनी रहती है। क्षेत्र में इन दिनों इसी तरह की चचाओं से युक्त एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग रात में टहलने के लिए निकले हैं। स्थान, फाफामऊ क्षेत्र का वह इलाका है, जिसे हम काली घाटी बसना धाम के नाम से जानते हैं और यह आबादी से दूर जंगली क्षेत्र में स्थित है। काली घाटी के बगल से गुजरी रेलवे लाइन से गुजरते हुए लड़कों को एक सफेद वस्तु दिखाई पड़ती है, जो चलायमान अवस्था में थी। इसी दौरान कुछ लड़कों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वायरल वीडियो में कुछ लड़के भूत जैसी दिखने वाली वस्तु पर रेलवे लाइन से उठाकर पत्थर भी फेंकते हैं, जो किसी ठोस वस्तु से टकराता है, जिसकी आवाज भी आती है। इस वीडियो के साथ कुछ फोटो भी वायरल की गई है। इस वायरल वीडियो और फोटो को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण तबके में भी नई-पुरानी कहानियों का दौर चल निकला है। तमाम तरह के लोग अपनी-अपनी कहानी सुनाकर सस्पेंस पैदा कर रहे हैं। हालांकि, इसकी जानकारी होने पर रविवार को तमाम लोगों ने दिन और रात के वक्त काली घाटी का दौरा भी किया, लेकिन किसी को कुछ नजर नहीं आया। क्षेत्र और सोसल मीडिया में काली घाटी का भूत चर्चा का विषय बना हुआ है।

जनमानस की समस्यायों का निदान करना मेरा प्रथम कर्तव्य : अनिता पटेल

बारा विधानसभा प्रथम आगमन पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

जसरा। मैं वक्ता नहीं कार्यकर्ता हूं किसी का अपमान नहीं होगा विना दायित्व के लोगों का भी निरंतर सम्मान करता रहूंगा। भाजपा कार्यकताओं के मेहनत से पुनः कमल खिलाकर मोदी की तीसरी बार सरकार बनेगी उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के बारा विधानसभा कार्यकताओं द्वारा आयोजित स्वागत अभिनन्दन समारोह रिगवा मे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री प्रजापति ने कहा 28 पार्टियों के गठबंधन से बनी आईएनडीआईए गठबंधन वेरोजगार हो गई है अब 2024 मे रोजगार की तलाश में हैं।जिसे देश की जनता पूरा नहीं होने देगी। संचालन जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने ने बताया कि जिलाध्यक्ष का स्वागत जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, राजेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे, संतोष त्रिपाठी,जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार,प्रकाश शुक्ला प्रचंड,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, राजमणि पासवान,सविता मिश्रा,मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला,बंदना सिंह, कुलदीप सिंह पटेल, शिव प्रसाद केसरवानी, अंजनी लाल, नीरज केसरवानी, दिनेश प्रजापति, नीरज शुक्ला, धर्मराज पाल,अशोक सिंह, संदीप सिंह, आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जंघई। भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त गंगापार जिलाध्यक्ष अनिता पटेल का स्वागत जंघई मंडल के अनुवां गांव में रविवार को भाजपा नेता विनोद पांडेय के आवास पर किया गया। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया।अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिता पटेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित एक लोकतांत्रिक पार्टी है कोई परिवारवादी पार्टी नहीं है। यह भाजपा में ही सम्भव है कि बूथ स्तर से काम करने वाला कार्यकर्ता अपनी मेहनत, संघर्ष, निष्ठा से भाजपा का जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष बनता है, जिसका उदाहरण है कि सामान्य से कार्यकर्ता के रूप में पार्टी का काम शुरू करने वाली आज मैं पार्टी की जिलाध्यक्ष हूं, भाजपा ही एक ऐसा दल है जो अपने कार्यकताओं को उचित सम्मान देती है पार्टी एवं सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाना एवं आम जनमानस की समस्यायों का निदान करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, अपना दल की नेता पूनम सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

सुख समृद्धि के भंडार हैं भगवान गजानन : अनिरुद्ध सिंह पटेल

सहसों। गणेश चतुर्थी से चल रहे नौ दिवसीय गणेश महोत्सव में सहसों बाजार स्थित केसरवानी धर्मशाला में व्यापारियों एवं ग्राम वासियों के सहयोग से युवाओं द्वारा आधुनिक विद्युत झालरों एवं तरह-तरह के फूल मालाओं से सुसज्जित पूजा पंडाल में भगवान गणेश जी की स्थापना कर आराधना उपासना चल रही है। इस दौरान गणेश महोत्सव के पांचवें दिन मुख्य यजमान विनय केसरवानी एवं मंजू देवी ने भगवान गणेश जी की आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से धूप, दीप, पूजन, अर्चन के साथ आदि भक्तों ने भगवान गजानन की महा आरती कर मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किए। कलाकारों द्वारा सुंदर मनोहारी नृत्य एवं झांकियां प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गणेश उत्सव पंडाल में पहुंच कर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भगवान गजानन की स्तुति वंदन एवं आरती उतार कर मंगल कामना की। श्रद्धालु भक्तों द्वारा आरती आरती कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जयेश केसरवानी, कल्लू जायसवाल, के के सोनी, विनय केसरवानी, विक्की केसरवानी, शुभम साहू , संजय सोनी, विजय मोदनवाल, हनुमान, सागर, विशाल, आशीष गुप्ता, प्रज्वल, सचिन, हर्ष, गौरव केसरवानी सहित आदि बाल मंडली एवं भक्त जन उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरिया की गूंज से गूंज रहा है कोरांव

कोरांव। बप्पा मोरिया की गूंज से लगातार कोरांव गूंज रहा है। कोरांव बाजार के संस्कृत पाठशाला प्रांगण में स्थित भगवान शिव मंदिर परिसर में आकर्षक व भव्य तरीके से सजाए गए भगवान गणेश के दरबार में भक्तगण हाजरी लगाकर नित्य प्रतिदिन सुबह और शाम विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं। इसके साथ ही भगवान गणेश की मंगला आरती में शामिल हो रहे हैं। 19 सितंबर से चल रहा है। 27 सितंबर को गणेश पूजन व उत्सव का विशाल व भव्य भंडारे के साथ समापन होगा। 28 सितंबर को भगवान गजानन गणेश की भव्य प्रतिमा का विसर्जन संपन्न होगा। गणेश उत्सव पंडाल के व्यवस्थापक संयोजक अखिलेश जायसवाल के द्वारा लगातार भक्तों की भीड़ लगने पर लाउडस्पीकर के जरिए श्रद्धालु भक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते रहते हैं। पंडाल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वालंटियर भी लगाए गए हैं जो अपने दायित्व निर्वहन को लेकर सजग रहते हैं।

श्री गणेश पूजन महोत्सव मे दूसरे दिन भंडारा का आयोजन

नैनी। नैनी छिवकी मे सार्वजनिक श्री गणेश पूजन महोत्सव का दूसरा दिन रविवार शाम को पूजा पाठ के बाद आरती करके भंडारे का आयोजन किया गया। आये हुये भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के बाद पंडाल मे बच्चों का एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमे आये हुये भक्तो ने बच्चों का कार्यक्रम देखकर मन मुग्ध हो गये। कार्यक्रम के लास्ट मे सभी भक्त व आये हुये बच्चे खड़े होकर श्री गणेश जी का जयकारा लगाया। इस मौके पर पवन द्विवेदी, श्रीराम सिंह, विनय मिश्रा, पंकज राय, विनय द्विवेदी, लकी दूबे, निखिल गुप्ता, शिवम गुप्ता, महेश निषाद, उमेश निषाद, महेन्द्र पटेल, गोपाल, आदित्य निषाद, शनि, अभिषेक साहू, श्री निवासी, गंगा गुप्ता वही कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता सुधाकर द्विवेदी ने आये हुये भक्तों को धन्यवाद व्यक्त किया।

महाकुंभ 2025 : मेला अधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मेला अधिकारी, कुंभ मेला, विजय किरन आनंद ने रविवार को महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वाराणसी रोड पर जगतपुर रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे आर0ओ0बी, सूबेदारगंज आर0ओ0बी, एयरपोर्ट रोड, अलोपी बाग फ्लाईओवर तथा अंदावा कनिहार आर0यू0बी, जिसका कार्य आज से प्रारंभ हुआ है, का निरीक्षण किया तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पच देवड़ा करछना गौहनिया मार्ग के पूर्वो खास से करछना रेलवे स्टेशन रामपुर होते हुए नैनी बंदरगाह औद्योगिक क्षेत्र तक संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया। सड़क निर्माण के कार्य अधोमानक पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार को कारण बताओं नोटिस देते हुए सड़क को फिर से बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्ता में सुधार न पाए जाने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई।निरीक्षण के पश्चात मेला अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की जिसमें महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत चेक्ड प्लेट्स एवं पांटून की डिमांड का आकंलन कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने, एयरपोर्ट रोड पर ग्रीन बेल्ट विकसित करते हुए यूटिलिटी शिफ्टिंग कराने, लटकते हुए तारों को हटाने, सड़क किनारे बेंच लगाने/अन्य सौंदरीकरण के कार्यों को कराने तथा सर्किट हाउस में रिनोवेशन/विस्तार कराने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त अलोपी बाग फ्लाईओवर पर एक नई लेन बनाने के प्रस्ताव के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा नीचे एक सर्विस रोड बनाने के प्रस्ताव का स्टीमेट बनाते हुए 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करने को भी कहा गया।

मुविवि के दीक्षान्त समारोह में गृह विज्ञान की छात्रा नीलम को मिलेंगे चार स्वर्ण पदक

26 सितम्बर को बटेंगे 26 स्वर्ण पदक, 20 हजार छात्रों को मिलेगी उपाधि, शोभा यात्रा में शामिल होंगे राज्यपाल, कुलपति, उच्च शिक्षा एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री

फाफामऊ। उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 18वां दीक्षान्त समारोह आगामी 26 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे बजे सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि प्रोफेसर शशि कला वंजारी, कुलपति, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, एनआईपीईए, नई दिल्ली दीक्षान्त भाषण देंगी। माननीय श्री योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री तथा माननीया श्रीमती रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में दीक्षान्त समारोह में शामिल होंगे।18वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 26 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगें, जिनमें 9 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 17 स्वर्णपदक छात्राओं की झोली में जायेंगे। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2022 तथा जून 2023 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण 20734 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी, जिसमें 12640 पुरूष तथा 8094 महिला शिक्षार्थी हैं। यह जानकारी कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।प्रो0 सिंह ने बताया कि सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में दीक्षान्त समारोह के आयोजन के लिये सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिये लगभग 1900 शिक्षार्थियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया है। जिन्हें दीक्षान्त समारोह में उपाधियां प्रदान की जायेंगी। उपाधियां डिजीलॉकर पर भी अपलोड कर दी जाएंगी। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में आयोजित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह में शामिल होकर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिये सफेद धोती कुर्ता या पाजामा/पीली साड़ी या सलवार सूट निर्धारित किया गया है।प्रो0 सिंह ने बताया कि 18वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक श्री बाबा साधव राम महाविद्यालय आजमगढ़ अध्ययन केंद्र की छात्रा नीलम को दिया जायेगा। नीलम ने एम0ए0 गृह विज्ञान की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्याशाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक/परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रहीं।प्रेस वार्ता मे प्रोफेसर सिंह ने बताया कि दीक्षान्त समारोह के अवसर पर चुनिंदा 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से कुलाधिपति श्रीमती पटेल के द्वारा किट भेंट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 30 अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को भी किट प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर कुलाधिपति विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों को भी सम्मानित करेंगी एवं विशेष विद्यालय के श्रवण एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों द्वारा समूह नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

न्यूज झरोखा

जसरा में आयोजित हुआ आयुष्मान स्वास्थ्य मेला

सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने फीता काटकर किया किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

जसरा। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में आयोजित आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ रीता बहुगुणा जोशी जी के द्वारा किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ० आशू पाण्डेय अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० तरुण पाठक , अधीक्षक डॉ०अंकिता पाण्डेय उपस्थित रहे। आयुष्मान मेला शासनादेश के अनुसार निर्धारित थीम संचारी क्षय एवं कुष्ठ रोगों की पहचान ,जांच उपचार पर आधारित था। मेले में मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गयीं । जिसमें क्षेत्र से आये हुए 750 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें लोगों की विभिन्न प्रकार की जांच जैसे शुगर,ब्लड प्रेशर, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोगी आदि की जांच करायी गयी। परिवार नियोजन के बारे में परामर्श, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु और गैर संचारी रोगों से बचाव हेतु परामर्श दिया गया और उपचार हेतु दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पाण्डेय,जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, रामानंद त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी,कमलेश त्रिपाठी,डा०सुरेश प्रसाद,डा०मनोज श्रीवास्तव, संतोष सिंह,डा०प्रतिमा मिश्रा,डा०मनीष कुमार, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह,बीपीएम पंकज कुमार मिश्र,चीफ फार्मासिस्ट महेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह, देवेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मेले में 154 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

झूँसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झूंसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में भारी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे जहां उनके मुंह, स्तन व बच्चेदानी के कैंसर के लक्षणों की जांच की गई। जांच में पांच लोग सस्पेक्टेड पाए गए हैं। यह जानकारी पीएचसी प्रभारी अशोक कुमार पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि कुल 154 लोगो जांच हुई थी जिसमे ज्यादातर सर्दी, बुखार के मरीज थे। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान कमला नेहरू स्मारक अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में लगा था। शिविर में डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ निशा गुप्ता, डॉ हेमंत कुमार सिंह, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ मनीष कुमार मौर्य, अभिषेक सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

पिपरहटा गांव में जहरीले सर्पदंश से छात्रा की मौत

जारी। कौंधियारा थाना क्षेत्र के पिपरहटा गांव में आज सुबह रविवार को घर में सफाई कर रही कक्षा 11वीं की छात्रा रंजना यादव को जहरीला सांप ने काट लिया जिसे आननफानन में परिजनों द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद स्वजन मृतका के शव को लेकर घर पहुंचे जिसके बाद चचेरे भाई दीपक यादव की लिखित सूचना पर कौंधियारा पुलिस द्वारा शव का पंचनामा किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सील कर दिया गया। घर में भाई अमित व संदीप से छोटी रंजना घर में सब की चाहेती थी। एक वर्ष पूर्व पिता की मौत हो चुकी है रंजना की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

चनेथू दंगल में पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को दी पटखनी

जंघई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े रविवार को चनेथू बजरंगपुरम में दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए दर्जनों छोटे बड़े विभिन्न पहलवानों ने अपने अपने अंदाज में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देकर विजय हासिल किया। गांव के सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह दंगल स्मृति शेष पंडित दंगल दास शुक्ल द्वारा प्रारंभ किया गया था जो कि विगत कई वर्षों से अनवरत चला आ रहा है। दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों को उचित पुरस्कार देकर आयोजकों ने सम्मानित किया।इस अवसर पर आयोजक एडवोकेट राजीव रत्न शुक्ल, एडवोकेट प्रेम शंकर शुक्ल, अरुण प्रकाश शुक्ल, राजेन्द्र शुक्ल, नागेंद्र शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अंकुर शुक्ला, डिंपल शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम को किया पुरस्कृत

करछना। रविवार को हल्दी रामपुर में एक दिवसीय क्रिकेट मैच प्रतियोगिता के आयोजन में लढछ हल्दी प्रीमियर लीग का फाइनल मैच मुकाबला हुआ उरङ चेन्नई सुपर किंग्स हैदराबाद के बीच हुआ जिसके चलते हैदराबाद ने 25 ओवर 93 रन पर ऑलआउट होगी जिसके चलते चैन्नई ने 22,1 ओवर में मैच को अपने नाम कर लिया जिसके मुख्य अतिथि रहे जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस सहजादुल हक व जिला महासचिव असद सिददीकी उरङ के कप्तान शाहिल खान ने कहा की अब्दुल और मेरी टीम ने अच्छा खेल जिसके कारण हमको जीत मिली मेंन ऑफ द सीरीज रहे अब्दुल लतीफ अहमद समसुल हक व मेंन ऑफ द मैच रहे अब्दुल जिसमे मौजूद रहे आयोजक शाहिल खान फैजान सिद्दीकी जाकी सिद्दीकी सददाम सिद्दीकी राजा महबूब आतिफ व क्षेत्र के सभी लोग शामिल रहे

मऊआइमा में पीस कमेटी की बैठक सम्पन हुई

मऊआइमा। रविवार को मऊआइमा थाना परिसर में बारावफात एवम् गणेश पूजा को लेकर पीस कमेटी बैठा की गई। बैठक में क्राइम इस्पेक्टर बी आर यादव ने कहा कि आगामी पर्व ईदमिलादुन्नबी एवं गणेश पूजा को आपसी भाई चारा के साथ मनाने की अपील की तथा कह गया कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो पुलिस को सूचना दें। इस दौरान कस्बा इचार्ज ,संजय मौर्या, धर्मेंद्र वर्मा आदि के साथ साथ डा नदीम इंतेखाब,मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मो शोएब अंसारी,मेराज आरिफ,ग्राम प्रधान मरखा मऊ मो वारिस,लालन प्रधान,हाफिज सब्बान, राहुल ठाकुर,मुन्ना ,मुदित खत्री,सुहेल अहमद कुरैश आदि लोग मौजूद रहे।

सांसद ने किया स्वास्थ परिक्षण शिविर का उद्घाटन बांटे आयुष्मान कार्ड

प्रयागराज। रविवार को फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किया इस अवसर पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने कहा कि पहले की सरकार में देश के हजारों गरीब लोग पैसा न होने से इलाज के अभाव में अपनी जान गंवा देते थे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका दर्द समझा और मुफ्त में 5 लाख रूपए तक इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाया अब हर गरीब आदमी भी आराम से अपना इलाज करवा सकता है। इस अवसर पर प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगोपाल वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सरोज, राजू शुक्ला,आदेश पांडेय,विजय सिंह,चंद्रिका पटेल, भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी आदमी मौजूद रहे इसी प्रकार तेलियरगंज नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी सांसद केशरी देवी पटेल ने लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किया। महिला आरक्षण बिल पारित होने पर शहर की तमाम महिलाओं ने सांसद फूलपुर का स्वागत एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर आकांक्षा सोनकर, सत्या तिवारी, उर्मिला पटेल, क्षमा दुबे, अंजू शुक्ला, लक्ष्मी सिंह चंदेल,नंदनी, संगीता गोस्वामी, मीनाक्षी गोस्वामी, नीतू केसरवानी,मनोरमा राय आदि शामिल रही।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वेलफेयर क्लब की नई कार्य कारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया से जुड़े मीडिया कर्मियों की सबसे प्रमुख संस्था प्रयागराज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वेलफेयर क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज सिविल लाइंस स्थित अंबिका टावर के सभागार में आयोजित हुआ। इस समारोह में क्लब के नए अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी और सचिव मनीष पालीवाल के साथ ही दूसरे नवनिर्वाचित पदा धिकारियों ने पद और कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। इलाहाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के पूर्व जनरल सेक्रेटरी रतन दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप भटनागर और वरिष्ठ पत्रकार देवी शंकर द्विवेदी समेत समारोह में मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदा धिकारियो को शपथ दिलाई। रविवार को आयोजित समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी, सचिव मनीष पालीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरिफ राजू, उपाध्यक्ष राजीव खरे, कोषाध्यक्ष सैयद आकिब रजा, संयुक्त सचिव प्रथम इमरान लईक, संयुक्त सचिव द्वितीय विमल श्रीवास्तव, आय व्यय निरीक्षक पंकज चौधरी, प्रचार सचिव आनंद राज, सह प्रचार सचिव राजुल शर्मा और प्रवक्ता व जनसंपर्क प्रमुख सैयद शोएब रिजवी ने शपथ ली। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद पर चुने गए पंकज श्रीवास्तव, मोहम्मद गुफरान, संजीव मिश्रा, रवींद्र कुमार, रवीन कुमार मोनू, सचिन प्रजापति, अंकित उपाध्याय और ज्योति राव फुले ने भी पद और कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली।

मार्गदर्शक मंडल के सदस्य मुश्ताक आमिर, निवर्तमान अध्यक्ष आलोक सिंह और वरिष्ठ सदस्य दिनेश सिंह समेत कुछ अन्य वरिष्ठ सदस्य स्वास्थ्य कारणों से समारोह में शामिल नहीं हो सके और उन्होंने डिजिटल माध्यम से नई कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दी।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डॉ. संगम मिश्रा ने सैकड़ों नेत्र रोगियों को वितरण किया चश्मा

अखंड भारत संदेश

मेजा। डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी के कुशल नेतृत्व में चश्मा वितरण एवं जांच , नगर पंचायत सिरसा प्रयागराज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता की टीम के द्वारा चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन पिछले रविवार को किया गया था। जिसमें हजारों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं आंख की जांच कराई। उस समय स्वास्थ्य मेले के मुख्य अतिथि डॉक्टर संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता ने मंच से कहा था कि सभी व्यक्तियों को,जिनकी आंख की जांच हुई है,अगले रविवार तक चश्मा उपलब्ध करा दिया जाएगा। आज डॉक्टर संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी की कही हुई,वह बात पूरी हुई। सैकड़ों लोगों को आज आंख का चश्मा उपलब्ध कराया गया।लोगों की आंखों को नई रोशनी मिली। आए हुए सभी लोग डॉक्टर संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता को बहुत-बहुत आशीर्वाद दे रहे थे। सभी लोग अपनी आंखों से साफ-साफ दुनिया को देख रहे थे और डॉक्टर संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी को आशीर्वाद दे रहे थे।

डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता ने आगे भी इस तरह के विशाल स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की बात मंच से कही थी।जिसके लिए कार्यक्रम तैयार किया जा रहे हैं। इस बात की जानकारी स्वास्थ्य मेले के आयोजन वि.हि.प. प्रान्त संस्कृत प्रमुख काशी प्रान्त शंकरदेव त्रिपाठी ने कही। आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसा में आयोजित चश्मा वितरण कार्यक्रम के अध्यक्ष एस.के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी स्कूल्स प्रयागराज की मुख्य भूमिका रही। उनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। नजर की कमजोरी के कारण दुनिया धुंधली सी दिखने वाले लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता थी। चश्मा पाकर सभी लोग डॉक्टर संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी की सराहना एवं आशीर्वाद देते हुए अपने घर को गए। आज चश्मा वितरण एवं नेत्र जांच कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था एस.के. तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी स्कूल प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में हुई। इस प्रकार के महान पुण्य कार्य करने के लिए शंकरदेव त्रिपाठी ने डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता भूरि-भूरि की प्रशंसा की।उन्होंने कहा जो डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी ने वादा किया था,आज सबको चश्मा वितरित करवा के पूर्ण कर दिया है। हम आए हुए सभी स्त्री,पुरुष वृद्ध जनों एवं युवाओं की तरफ से डॉक्टर संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी को कोटिशः धन्यवाद देते हैं। आज यह बात अक्षरशः सत्य है। डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी जो कहते हैं,वही करते हैं। इस चश्मा वितरण व जांच कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए सिरसा नगर पंचायत के सम्मानित अध्यक्ष विपिन केसरी उर्फ लाखन केसरी जी को कार्यक्रम के अध्यक्ष एस. के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी स्कूल्स प्रयागराज ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया। स्वास्थ्य मेले में विशेष सहयोग के लिए डॉक्टर अदिति पांडेय एवं डॉ एस के तिवारी जी को एस.के. तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एके-डमी स्कूल्स प्रयागराज के द्वारा शाल, स्मृति चिन्ह व मिष्ठान्न उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया। सम्माननीय डॉक्टर को सम्मानित करते हुए एस. के.तिवारी ने कहा मुझे गर्व का अनुभव हो रहा है, डॉक्टर ईश्वर का ही दूसरा रूप होता है। कार्यक्रम में सम्माननीय वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ शेखर, भाजपा नेता दिलीप शुक्ल, अमरेश,यश विक्रम त्रिपाठी, अजय मिश्र, मीना देवी, संजय, आकाश आदि बहुत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राज्यपाल का दो दिन का भ्रमण कार्यक्रम, आज आएंगी प्रयागराज

प्रयागराज। राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज प्रातः 9:55 बजे जनपद प्रयागराज आयेंगी। तत्पश्चात पूर्वाहन 11:00 बजे से प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। तत्पश्चात विश्वविद्यालय में बैठक करेंगी। बैठक के उपरांत जिला कारागार नैनी जाएंगी। तत्पश्चात अपराहन 05:00 बजे इलाहाबाद म्यूजियम में आयोजित कार्यक्रम व बैठक में सम्मिलित होंगी। 26 सितम्बर को पूर्वाहन 10:00 बजे से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। तत्पश्चात विश्वविद्यालय में बैठक करेंगी। अपराह्न 3:30 बजे आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपराहन 04:35 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज का मुकदमा

झूंसी। थाना क्षेत्र के बजहा गांव की रहने वाली एक युवती ने अपने पति, सास, ससुर सहित के साथ परिवार के अन्य लोगों पर मारपीट व दहेज का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता मीनाक्षी पांडे ने आरोप लगाया कि 2 साल पहले उसकी शादी थरवई के आशुतोष शुक्ला से हुई थी शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए उसके साथ बदसलूकी मारपीट करते थे। महीने भर पहले उसे एक लाख दहेज लाने के लिए मारा पीटा गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति आशुतोष शुक्ला, ससुर कृष्ण चंद्र शुक्ला, सांस सरिता देवी, ननद श्वेता स्वाती, देवरा उज्जवल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

स्लम बस्ती में बच्चों के साथ मनाया पोषण जागरूकता सप्ताह

प्रयागराज। विशाल संकल्प संस्थान की ओर से रविवार को स्लम बस्ती के बच्चों के साथ पोषण जागरूकता सप्ताह मनाया।संस्थान की डॉ अंजली केसरी ने बताया कि प्रतिवर्ष सितंबर सप्ताह में भारत में पोषण सप्ताह मनाते हैं। इस दौरान बस्ती के बच्चों और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया जाता है।साथ ही पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में बताया जाता है। भारत में सेहत को लेकर जागरूकता का अभाव होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से ज्यादा रोगियों का आंकड़ा है। रविवार को पोषण जागरूकता सप्ताह मनाने के साथ-साथ बच्चो को फूड पैकेट भी दिया गया जिसे पाकर बच्चे खुश हो गए। कुछ एनिमिक किशोरी बच्चियों को चिन्हित भी किया गया है उन्हे जल्द ही चिकित्सीय सहायता दी जायेगी। बच्चों को खुली चीज ना खाने व साफ सफाई का ध्यान रखना भी समझाया गया। इस अवसर पर कीर्ति पाण्डेय व बबिता केसरवानी ने स्लम बस्तियों के बच्चों को व्यवहारिक बातें भी बताई।

बोलन मेले के पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जलाभिषेक कर लिया मेले का लुत्फ, झूले,सर्कस, कास्मेटिक, बर्तन और खाने-पीने के सामानों से सजे स्टॉल

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा तहसील मुख्यालय के पास बोलन पर लगे हुए मेले में रौनक बढ़ गई है। यहां पर झूले और खाने-पीने के स्टाल सहित सजावट के सामान की दुकान मेले में लगी हुई है। मेले में बड़ी संख्या में बच्चे अपने माता-पिता के साथ झूलों का आनंद लेने पहुंचे। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, वॉटर बोट, मिनी ट्रैन, चकरी झूला, मिक्की माउस, छोटी कार वाला झूला बच्चो की विशेष पसंद रही। साथ ही युवाओं के बीच हवाई झूला, कोलम्बस नाव झूला, ड्रेगन ट्रैन, मैजिक डांस,ब्रेक डांस व अन्य झूले लोकप्रिय रहे।बच्चों के खेल खिलौने और गुब्बारों से सजी दुकानें, बच्चों के खिलौने, गुब्बारे, पॉपकॉर्न, आइसक्रीम, मटका कुल्फी, चाऊमीन और महिलाओं के लिए रंग-बिरंगी चूड़ियों से सजी दुकानें, सजावट के सामान, घरेलू सामान जैसी दुकान मेले में लगी हुई थी। मेले में दूरदराज से आए दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष का भव्य मेला बहुत कुछ याद दिलाता रहेगा।मंदिर के पुजारी रामदास ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रहने से श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई।मेले के बारे में किवदंती है कि यह मेला महाभारत काल से जुड़ा हुआ है।अर्जुन द्वारा बाण से पाताल से पानी निकालने की साक्ष्य बन गंगा के नाम से एक कुंड है,जो अनवरत जल की धारा बहती रहती है।कहते हैं कि को भी इस जल से बाबा का जलाभिषेक करता है उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। मेले के संरक्षक लालजी मिश्र ने बताया कि मेले की व्यवस्था को देखकर सभी दुकानदारों में उत्साह रहा। बता दें कि यह मेला प्रतिवर्ष हरतलिका तीज के बाद पड़ने वाले रविवार को लगता है।इस वर्ष भी मेला लगने से स्थानीय लोगों में बड़ा उत्साह देखने को मिला। बोलन बाबा की कृपा से अकाल के समय में भी मेले के दिन बारिश होती है।मेले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मेजा कोतवाली के उपनिरीक्षक उमेश चंद्र पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गोविंद,प्रभु नारायण यादव,सत्यपाल यादव,सुभाष यादव सहित पुलिस और महिला पुलिस,जिला अपराध निरोधक कमेटी के सदस्य के अलावा मेला कमेटी के 50 वालंटियर लगे हुए हैं।मेले की व्यवस्था में प्रधान प्रतिनिधि जंगीलाल गुप्ता,मेला कमेटी के संरक्षक लालजी मिश्र,अध्यक्ष अमित यादव,मेला प्रभारी अंकित साहू,पूर्व अध्यक्ष पंकज मोदी,सुधीर गुप्ता, तौलन प्रसाद,राहुल मिश्र,संजीव पटेल,मनीष श्रीवास्तव,चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव का विशेष योगदान है।

विश्व नदी दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरूक

प्रयागराज। विश्व नदी दिवस के अवसर पर आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंर्तगत संगम तट पर जन जागरूकता और स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम में जिला गंगा समिति ,गंगा टास्क फोर्स, नगर निगम, गंगा विचार मंच, नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज के अधिकारी व कार्यकर्ताओ द्वारा गंगा तट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम अयोजित किया गया ' कार्यक्रम मे प्रांत संयोजक गंगा विचार अनामिका चौधरी , जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे,जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह, गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार सर्वेश तिवारी, महेश,नगर निगम से विजय बहादुर,कृष्णा कुमार मौर्या ,राहुल नगर आदि मौजूद रहें ' कार्यक्रम में गंगा विचार संयोजक अनामिका चौधरी ने लोगो से अपील की गंगा नदी की अविरलता और पवित्रता बनाए रखें क्योंकि गंगा की सफाई और उसके अस्तित्व में ही देश की भलाई निहित हैं ' जिला परियोजना अधिकारी ने कहा नदियों को मूल स्वरूप में प्रदूषण मुक्त रखना आज बड़ी चुनौती है' नदियों मूल स्वरूप में साफ और सुरक्षित रहे इसे के प्रति जागरूकता पैदे करने के लिए हर साल सितंबर माह के चौथे रविवार को विश्व नदी दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

राम कथा में शिव पार्वती के विवाह का हुआ वर्णन

किशोरी सदन में चल रही श्रीराम कथा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सेवा भारती के द्वारा किशोरी सदन में सुसज्जित भव्य पंडाल में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन आज कथा व्यास मानस मर्मज्ञ दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने सती मोह से शिव पार्वती के विवाह तक के प्रसंगों का विशद वर्णन किया।

कथा व्यास ने बताया कि त्रेता युग में एक बार महर्षि अगस्त्य के आश्रम से वापस आते हुए मार्ग में माँ सीता की खोज में लगे हुए मानव रूपधारी भगवान श्री राम को देख कर भगवान शिव ने जय

शिव पार्वती के विवाह का वर्णन करते कथा व्यास मानस मर्मज्ञ दिलीप कृष्ण।

सच्चिदानंद कह कर प्रणाम किया एवं आगे बढ़ गये। यहीं पर सती जी मोह में पड़ गयीं कि भगवान शिव ने एक मानव को इस तरह प्रणाम क्यों किया। अपनी शंका को शिव जी के सामने रखने पर उन्होंने सती से कहा कि यदि विश्वास नहीं है तो वे परीक्षा ले लें। परीक्षा हेतु सती ने सीता का रूप धारण किया। इस कारण शिव जी ने सती को पत्नी रूप में परित्याग कर दिया। कालांतर में सती के पिता दक्ष के द्वारा किए गये यज्ञ में शिव जी का अपमान देखकर सती ने यज्ञ के कुंड में कूदकर जीवन त्याग कर दिया तथा हिमालय के घर में पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती जी ने नारद जी के उपदेश पर भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए विकट तपस्या की। अन्ततः भगवान विष्णु के परामर्श पर शिव जी ने पार्वती को स्वीकार किया एवं इस तरह शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। कथा के बीच बीच में दिलीप कृष्ण ने विभिन्न ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करके श्रोताओं का ज्ञान वर्धन किया। आरंभ मे मुख्य यजमान सियाराम ने पूजन किया। शिव विवाहोत्सव में भक्तजन आनंदित होकर झूमे। संपूर्ण वातावरण शिवमय, आनंदमय हो गया। आज की कथा में मनोज ब्रह्मचारी, गोविंद खंडेलवाल, डॉ सौरभ पांडेय, शिशिर खरे, शरद केशरवानी, गिरजा शंकर मिश्र, डॉ रंगनाथ शुक्ला, नीतेश खंडेलवाल, राज नारायण सिंह, डॉ आर पी सिंह, राजू जैसवाल, अमित शुक्ला, शकुन्तला खंडेलवाल, बीना सिंह, रेखा खंडेलवाल, अनामिका उपाध्याय, संगीता खंडेलवाल, पूनम आहूजा, अलका खण्डेलवाल, अनुराधा केसरवानी, साक्षी खंडेलवाल, अरविंद सिंह, अमित शुक्ल, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, विजय शंकर मिश्र सहित भारी संख्या में श्री राम भक्त उपस्थित रहे।

पुलिस ने शहर का हटाया अतिक्रमण

भंगवा चुंगी से चौक व अस्पताल तक ठेले वालों का हुआ चालान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर में अतिक्रमण के विरोध में शहर की पुलिस सड़क पर उतरी थी। भंगवा चुंगी एवं मकंद्रगंज चैकी की पुलिस ने भंगवा चुंगी से लेकर चैक घंटाघर तथा चैक से लेकर प्रताप बहादुर अस्पताल तक ठेलवालों व सड़क पर अतिक्रमण कर फल बेंचने वालों का चालान किया।

बता दें कि जगह-जगह सड़क के किनारे ठेलों पर फल, चाट व कचैड़ी आदि की दुकानें सजाई जाती हैं। इससे शहर का आवागमन बुरी तरह से प्रभावित होता है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आज चैकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे

ठेलेवाले का चालान काटती पुलिस।

जिसके बाद भंगवा चुंगी पुलिस चैकी और मकंद्रगंज पुलिस चैकी की पुलिस सक्रिय हुई और अतिक्रमण करने वालों का चालान किया। इससे आज पटरी दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कुछ ठेलेवाले तो पुलिस देखकर भाग गये लेकिन जो मिले, उनका पुलिस ने चालान कर दिया।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत कालाकाकर में नेहरू युवा केंद्र का हुआ कार्यक्रम

पूर्व सांसद रत्ना सिंह ने अमृत कलश में कालाकांकर की मिट्टी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नेहरू युवा केंद्र द्वारा शनिवार को आजादी से जुड़े ऐतिहासिक स्थल कालाकांकर में मेरा माटी मेरा देश के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें पूर्व सांसद रत्ना सिंह ने राजभवन कालाकाकर में जहां अमर शहीद लाल प्रताप सिंह की स्मृति से जुड़ी हुई है वहां की मिट्टी अमृत कलश में डाला इसके उपरांत अमृत कलश को उस स्थान पर ले गई जहां पर महात्मा गांधी द्वारा विदेशी वस्त्रो की होली जलाई गई थी वहां की मिट्टी भी अमृत कलश में डाला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रत्ना सिंह ने कहा कि कालाकांकर आजादी की लड़ाई में अपना प्रमुख स्थान रखता है यहाँ के अमर शहीद

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

लाल प्रताप सिंह आजादी की लडाई में चांदा में शहीद हुए थे यह वह प्रमुख स्थान है जहाँ महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी कालाकांकर राजभवन के शहीद लाल प्रताप सिंह की स्मृतियों को संजोए हुए हैं उनसे संबंधित व जहां पर विदेशी वस्त्रो की होली जलाई गई थी वहां की मिट्टी अमृत कलश में डालने पर गर्व की अनुभूति हो रही है कार्यक्रम में डॉ० घनश्याम यादव मनीष सिंह प्रधान,डा० मदन मौर्य सुधीर कुमार अनूप कुमार प्रमोद रावत, मीरा सिंह ने भी अपने विचार रखें प्रारंभ में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने पूर्व सांसद का स्वागत किया तथा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने कालाकाकर के इतिहास के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

किसी की आँख का आँसू अगर तुम पोंछ दो, तुम्हें संगम नहाने की जरूरत क्या है

ऐन्जिल्स सभागार में मनाया गया हिन्दी पखवाड़ा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के कटरा रोड स्थित ऐंजिल्स इंटर कालेज के सभागार में स्कूल की चेयरपर्सन डॉ0 शाहिदा ने एक विराट काव्य संध्या का आयोजन किया जिसमें शहर के अति विशिष्ट और अति प्रतिष्ठित कवियों की उपस्थिति समापन तक लगातार बनी रही। कार्यक्रम के अध्यक्ष ओम प्रकाश खण्डेलवाल थे। मुख्य अतिथि डॉ दयाराम मौर्य, अति विशिष्ट अतिथि प्रदीप चित्रांशी, रोशनलाल उमरवैश्य, पीयूषकान्त शर्मा और अरुण सरकारी, डॉ संगम लाल त्रिपाठी भँवर, डॉ आर के सिंह आदि रहे। कार्यक्रम का आरम्भ

विराट काव्य संध्या में मौजूद चेयरपर्सन डा0 शाहिदा व अन्य।

सरस्वती पूजन से हुआ वाणी वन्दना नेहा खण्डेलवाल ने किया। इस दौरान शीतला सुजान ने समाजिक कुरीतियों पर कटाक्ष करते हुए पढ़ा पतित हो गया मानव कितना, कैसा है ये आगाज। डॉ अनीस नाजिश ने मेरी जमीन है हिन्दी जुबान है हिन्दी। डॉ विनय श्रीवास्तव ने ये हिन्दी भाषा आभूषण है। गजेन्द्र सिंह वेकिट ने श्रंगार की रचना सुनाई हाथ लगी मेंहदी आँख अंजन पाँव महावर लागे सुन्दर। श्रीमती अर्चना सिंह ने भारत महान देश का उत्थान है हिन्दी, विश्व के पटल पर पहचान है हिन्दी। चन्द्रकान्त त्रिपाठी ने अपनी गजल मैं तुझे प्रेम का गीत कैसे पिखूँ मेरे हमदम तुझे मीत कैसे लिखूँ सुनाकर माहौल को खुशगवार कर दिया। अंजनी अमोघ ने भारती के मुख से निकली धार है हिन्दी, असीमित, अपरिमित, अनादि गुणागार है हिन्दी पढ़कर काव्यमंच को ऊचाइयाँ बख्शी। ओम प्रकाश खण्डेलवाल की रचनाओं किसी के आँख के आँसू अगर तुम पोछ देते, तुम्हें संगम नहाने की जरूरत ही नहीं है ने कार्यक्रम को सफलता प्रदान की। इस दौरान डॉ संगमलाल त्रिपाठी भँवर, दोहा सम्राट प्रदीप चित्रांशी, राजेश प्रतापगढ़ी, पंडित राम सेवक त्रिपाठी, डॉ दयाराम मौर्य, डॉ श्रद्धा सिंह, शेषनारायण दुबे राही, सुरेश नारायण दुबे व्योम आदि ने भी कविता पाठ किया इस अवसर पर अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, डी पी सिंह, अमृत लाल त्रिपाठी, रामचन्द्र पाण्डे, शैलेन्द्र मिश्र, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अखिल नारायण सिंह और विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ शाहिदा चेयरपर्सन और बी के सोनी प्रधानाचार्य ने सभी कवियों को शाल पहनाकर और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ शाहिदा ने सभी कवियों और अतिथियों का आभार प्रकट किया। डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने सशक्त मंच संचालन किया।

आयुष्मान भव अभियान का समारोह पूर्वक हुआ शुभारम्भ

दी गयी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी लाभप्रद जानकारियां

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत की लालगंज सीएचसी में रविवार को आयुष्मान भव अभियान का समारोह पूर्वक शुभारम्भ हुआ। प्रधानमंत्री आयुष्मान भव अभियान का शुभारम्भ चिकित्साधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता तथा टाउन एरिया चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने फीता काटकर किया।

समारोह में प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री से जुड़ी स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर जागरूकता से जुड़े बैनर व पोस्टर भी आकर्षण का केन्द्र दिखे। अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान भव प्रधानमंत्री योजना के तहत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड पात्रता पर तेजी के साथ बनाये जायेगे। उन्होने बताया कि आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले आयुष्मान भव प्रधानमंत्री योजना के तहत सीएचसी तथा पीएचसी व स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर स्वास्थ्य मेलों का प्रत्येक रविवार मेला लगेगा। चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने अभियान में जनभागीदारी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा का कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व करते हुए मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि योजना से जुड़े लाभार्थियों को सही लाभ पहुंचाने के लिए विधायक मोना के निर्देश पर कार्यकर्ता सक्रिय रचनात्मक योगदान जारी रखेंगे। कार्यक्रम का संयोजन डा0 सुधाकर ने किया। संचालन अरविंद कुमार शुक्ला ने किया। डा0 अशोक ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डा0 कृतिका, डा0 पूजा त्रिपाठी, डा0 प्रतिमा त्रिपाठी, डा0 स्नेहा सिंह ने भी स्वास्थ्य योजनाओं पर लोगों को जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर मान सिंह, बृजेश कुमार सिंह, संदीप त्रिपाठी, असद उल्ला, राधेश्याम यादव, सभासद सोनू शुक्ला व सभासद कैलाश नाथ तिवारी, सभासद धर्मपाल गौतम, सभासद हरिशंकर सरोज, सभासद राममिलन वर्मा, अधिवक्ता अखिलेश द्विवेदी, राजकुमार मिश्र, मुन्ना शुक्ला, संजय सिंह, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्रा, शास्त्री सौरभ, कै0 शिव कुमार शर्मा आदि रहे।

अवैध स्मैक के साथ धराया आरोपी

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को दबोचने में रविवार को बड़ी सफलता ली। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित के निर्देशन में रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। चैकी क्षेत्र में बछवल नहर के समीप एक बाग में संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से अवैध स्मैक बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बछवल गांव के ही रामगोपाल के पुत्र पवन तिवारी के रूप में हुई। पवन के पास से अवैध रूप से ब्रिक्री के लिए साढ़े छह सौ ग्राम स्मैक बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

कांग्रेस के चुनाव कार्यक्रमों की हुई घोषणा

10 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक चलेगा सदस्यता अभियान

चार पदों के लिये होगा यूथ कांग्रेस का चुनाव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। यूथ कांग्रेस के चुनाव सम्बन्धी महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भव? में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूथ कांग्रेस चुनाव अधिकारी उत्तराखंड प्रदेश के रुद्रप्रयाग जनपद के केदारनाथ धाम से आए प्रयागराज जोन रिटर्निंग ऑफिसर धनपाल सिंह नेगी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव का कार्यक्रम आ गया है। 22 से 29 सितंबर 2023 की शाम 5 बजे तक नामांकन होगा। 30 सितंबर

इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि।

को नामांकन पर आपत्ति की अंतिम तिथि शाम 5 बजे तक होगी। एक और दो अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच कर पांच अक्टूबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सदस्यता और चुनाव 10 अक्टूबर से शुरू होकर 8 नवम्बर तक होगा। श्री नेगी ने बताया कि सदास्यता और चुनाव साथ साथ शुरू होगा। 4 पदो के लिए चुनाव निर्धारित है जिसमे प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष एवम विधानसभा अध्यक्ष के लिए वोटिंग होगी।

अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें गांव के अंतिम पंक्ति में खड़े युवा को बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक का चुनाव लड़कर जीतने का मौका देती है। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस का चुनाव ऑनलाइन होगा। नामांकन से लेकर, सदस्यता अभियान और चुनाव ऑनलाइन ही होगा। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्रा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सरोज कश्यप, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव मो.हुजैफ, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव प्रवीण द्विवेदी, राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी, अशुतोष तिवारी, आशीष शुक्ला, रेशू पांडेय, विपिन सिंह, सुंदरम सिंह,सलमान खान, विकास शुक्ला, मोनू मिश्रा, आशीष शुक्ला, अनवर हुसैन,नफीस अहमद, मोनू मिश्रा, अफाक अहमद, संजय इश्तियाक, नूर आलम, देवमणि पांडेय, अवध राज यादव, ओंकार नाथ मिश्रा, दया गुप्ता, सद्दाम हुसैन, राम धन यादव, अश्वनी उपाध्याय आदि मुख्य रूप से उपस्तिथि रहे।

प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल कालाकांकर प्रतापगढ़ मे शनिवार को रिलायन्स ट्रेंड्स कुंडा द्वारा चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी प्रतियोगी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र दिया गया एवम विजेता टीम को प्रमाण पत्र के साथ मेडल प्रदान किया गया। स्कूल के प्रबंधक विनीत त्रिपाठी ने रिलायंस टीम के बाल कृष्ण मिश्र एवम अंकित पांडे को धन्यवाद देते हुये प्रधानाचार्य मिथिलेश गुप्ता एवम समस्त स्टाफ को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इसी तरह के आयोजन कराते रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

किशोरियों व मातृशक्ति को जागरूकता पर शिविर हुआ आयोजित, दी गई जानकारियां

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। महामारी के समय बीमारियों को लेकर किशोरियो एवं माताओं में जागरूकता को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। आर्थिक अनुसंधान केन्द्र प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित शिविर में महिलाओं को बीमारियों के समय चिकित्सीय परामर्श की आवश्यकता को लेकर जागरूक किया गया। शिविर में विशेषज्ञों ने माताओं एवं किशोरी समूह के साथ संवाद में उनके विधायी अधिकारों व कानूनी संरक्षण की भी बिंदुवार जानकारियां दी। कार्यशाला में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति तथा आंगनबाडी केन्द्रों की भी उपयोगिता पर महिलाओं को जागरूक किया गया। वहीं शिविर मे माध्यम से मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर घटाए जाने को लेकर स्वच्छ परिवेश पर भी विमर्श हुआ। शिविर में लालगंज सीएचसी की स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरती द्विवेदी तथा बीपीएम बृजेश कुमार पाण्डेय व सीएचओ आशीष सिंह ने समूह को स्वास्थ्य जागरूकता के बिन्दु से अवगत कराया।

किशोरी लापता, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। घर से निकली किशोरी के लापता होने को लेकर पीड़ित पिता ने कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पंडित का पुरवा निवासी समरनाथ वर्मा ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी सोलह वर्षीया पुत्री संजना इक्कीस सितंबर को सुबह साढ़े दस बजे घर से लालगंज बाजार आयी थी। पीडिता की पुत्री देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो उठे। शनिवार को अपहृता किशोरी के पिता ने कोतवाली पहुंचकर पुत्री के अपहृत होने की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

बरावफात पर शांति व्यवस्था को लेकर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली परिसर में बरावफात तथा गणेश प्रतिमा विर्सजन को लेकर शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों पर्वो को आपसी सौहार्द तथा बंधुत्व की भावना से सम्पन्न कराए जाने का सामूहिक संकल्प जताया गया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि बरावफात को लेकर जुलूस के साथ पुलिस की एहतियातन तैनाती सतर्क दिखेगी। वहीं भगवान श्रीगणेश के पूजन उत्सव को लेकर भी पुलिस पिकेट के साथ कार्यक्रम स्थलों पर नियमित रूप से एहतियाती प्रबन्ध सुनिश्चित किये गये हैं। बैठक में हजरत मौलाना रहमानी मियां, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, सैयद खालिद, इम्तियाज खां, मो. मुमताज, डा. अनीस, मिनहाज, विपिन शुक्ल, संजय सिंह आदि रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल की छत के ऊपर से दौड़ रहा है ग्यारह हजार का विद्युत करंट

हादसे के इंतजार में बिजली विभाग, पहाड़पुर के हंडौर गांव का है मामला

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल व आधा दर्जन घरो की छत के ऊपर से 11 हजार बोल्ट का करंट दौड़ रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।वही विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है। लक्ष्मणपुर विकास खंड के हंदौर गांव पहाड़पुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा हुआ है गांव स्थिति आंगनबाड़ी, स्कूल व कई घरों की छतों के ऊपर से 11 हजार बोल्ट की लाइन ने बिछाई गई है। बिजली के लटकते तार छतो से लगभग एक फिट ऊपर से गुजरी हुई विद्युत लाइन से हमेशा हादसे का भय बना रहता है। आंगनवाड़ी व स्कूल में पढ़ने वाले छोटे-छोटे नौनिहाल व आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, शिक्षक के साथ ही ग्रामीणों पर हमेशा खतरे का अंदेशा बना रहता है, जबकि शासन का निर्देश है की स्कूल के ऊपर विद्युत लाइन नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं है भी तो उसे तत्काल हटाया जाए, फिर भी जिम्मेदार लापरवाह बने हुए है।

बिजली विभाग द्वारा जल निगम कालाकांकर को दिया गया ट्रांसफार्मर हुआ डैमेज

परियावां, प्रतापगढ़। जनपद के कालाकांकर मोहम्दाबाद उपरहार गांव मे तीन दिन पूर्व बिजली विभाग द्वारा जल निगम की पानी की टंकी से सप्लाई के लिए लगाया गया ट्रांसफार्मर अचानक जल गया जिससे पानी के लिये हाहाकार मच गया किसी तरह ग्राम प्रधान कुंर्वे मनीष सिंह व जल निगम जेई मो0 अशद ने पानी की समस्या से निजात दिलाने के चला बिजली बिभाग से ट्रांसफार्मर लगवाया जो ट्रांसफार्मर लगने के तीसरे दिन हीं जल गया जिससे पानी की सप्लाई बंद हो गई पानी की सप्लाई बन्द होने से कालाकांकर, पीरानगर, लालसिंह का पुरवा, हिनाहुं व आलापुर मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामवासी रवि जायसवाल, राधेश्याम, शिवम, शुभम, धुन्नीलाल, विद्याशंकर, शंकरलाल गुप्ता आदि लोगो ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृस्ट कराते हुए तत्काल दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इस बाबत जानकारी करने पर जल निगम जेई मो0 अशद ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा खराब ट्रांसफार्मर भेज दिया गया, जो डैमेज हो गया, जिसकी शिकायत बिजली विभाग मे कर दिया गया है। 24 से 48 घंटे मे बदलने की बात कही गई है। समाचार भेजे जाने तक ट्रांसफार्मर नही लग सका।

स्वच्छ आहार दिवस पर स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल कार्यालय के निर्देश पर स्टेशन पर स्वच्छ आहार दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत जन आहार, कैटरिंग स्टाल तथा गाड़ियों की पैंट्रीकार की स्वच्छता एवं साफ सफाई को जांचते हुए स्वच्छता का कार्य परखने के लिए मुख्य हेल्थ निरीक्षक (सीएचआई) ने अभियान चलाया। जिसमें कैंटीन और खानपान से जुड़े स्टॉल पर रखी चीजों की जांच पड़ताल की गई।

तेज रफ्तार ट्रक बिजली के खंभे से टकराने से गिरा खम्भा महिला की हुई मौत

आक्रोशित लोगों ने शव रखकर सड़क पर किया चक्का जाम हादसे में एक भैंस की भी हुई मौत

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा गांव में बीती रात्रि लगभग 10:00 बजे गिट्टी लदी अनियंत्रित ट्रक बिजली के तीन खंभे से टकरा गयी जिससे बिजली का खंभा टूट कर गिर गया झोपड़ी के बाहर सो रही महिला खंभे की चपेट में आ रही जिससे महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है ट्रक चालक की लापरवाही से महिला की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश बेकाबू हो गया और लोगों ने शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया मामले की सूचना मिलते ही भारी तादाद में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची लोगों को समझा बूझकर आक्रोश शांत कराया और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद महिला के परिवार में कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने दुर्घटना करने वाली ट्रक और उसके चालक को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात्रि में गिट्टी लाद कर एक ट्रक महेवा घाट मूरतगंज मार्ग पर जा रही थी जैसे ही ट्रक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा गांव के पास पहुंची ट्रक चालक अचानक अनियंत्रित हो गया और बिजली के खंभे से टकरा गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन बिजली के खम्भे टूटकर जमीन पर गिर पड़े झोपड़ी के बाहर सो रही महिला सेवकी सरोज पत्नी धर्मराज सरोज की बिजली के खंभे में दब जाने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है इस हादसे में बगल में बधी भैंस के ऊपर बिजली का खंभे गिर गया जिससे भैंस की भी मृत्यु हो गई आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई मौके पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस पहुँची और पंचनामा भर कर महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जेसीबी बुलाकर भैंस को दफन कर दिया वही पुलिस ने ट्रक सहित चालक को हिरासत में ले लिया है आक्रोशित लोगों ने ट्रक को खड़ा कर रोड पर चक्का जाम कर दिया सुबह 8:00 बजे के लगभग मंझनपुर पुलिस जाम हटाने के लिए ग्रामीणों के बीच पहुँची काफी देर तक ग्रामीण हो हल्ला करते रहे सूचना पाकर नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी भी मौके पर पहुंच गए हैं काफी समझाने के बुझाने के बाद ग्रामीण माने तब सड़क का जाम समाप्त हो सका है।

आयुष्मान भवः कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड वितरित करने पहुंचे सांसद

कड़ा कौशांबी। सांसद विनोद सोनकर आयुष्मान भव कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कडा सीएससी पर पहुंच कर लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया इस दौरान गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को 5 लाख तक मुक्त इलाज की जानकारी दी सांसद ने कहा गरीबी वर्ग के माता-पिता व बच्चे 5 लाख तक निर्धारित अस्पतालों में अपना इलाज करा सकते हैं इलाज के दौरान खर्च होने वाले धनराशि सरकार वहन करेगी उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार मरीज को अस्पताल से बाहर दवाई खरीदना नहीं पड़ेगा सांसद ने कहा कि कडा सीएससी मे अल्ट्रासाउंड एक्स-रे मशीन जल्द उपलब्ध होगी इस दौरान सीएमओ सुष्पेन्द्र कुमार सीएससी अधीक्षक डॉक्टर सऊद अहमद भाजपा नेत्री दीपा श्रीवास्तव कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

दस हजार लोगों का आयुष्मान कार्ड से अब तक किया जा चुका है इलाज : सांसद

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व कौशांबी सांसद विनोद कुमार सोनकर ने रविवार को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भव कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का फीता काटकर कर उदघाटन किया भाजपा कार्यकर्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों द्वारा माल्यर्पण कर व पुष्प गुच्छ देकर सांसद का स्वागत किया गया।इस स्वास्थ्य मेले में काफी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि कौशाम्बी जनपद में आयुष्मान कार्ड से अब तक दस हजार लोगों का इलाज किया जा चुका है जनपद में अबतक लगभग 60 प्रतिशत लोगो का आयुष्मान कार्ड बन चुका है जो शेष है वह लोग 2 अक्टूबर तक आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।उन्होंने कहा कि जनपद में चिकित्सा अधिकारियो ने अच्छा कार्य किया है लेकिन कार्य अभी अधूरा है मै अपेक्षा करता हूँ कि सभी लोग मिल कर पात्र सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाये ताकि कोई गरीब इलाज से वंचित न रह जाए,उन्होंने कहा कि मोदी योगी की सरकार की मंशा है कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे जिससे वह लाभान्वित हो सके उन्होंने कहा कि मोदी योगी की सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी समुदाय के लिए कार्य कर रही है जो धरातल पर दिखाई दे रही हैं यह सब आप के एक वोट का ही करिश्मा है कि आप लोगों ने अच्छा नेतृत्व चुना जो सेवक की भांति कार्य करके आज देश को विश्व में सशक्त और मानसम्मान दिला रहा है, आज समाज के सभी वर्गों के लोगों का सरकार को समर्थन मिल रहा है जिससे सरकार अनेक जनकल्याण की योजना ला कर देश के लोगों का जीवन स्तर में सुधार ला रही है।अंत मे उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया और सब के स्वास्थ्य की कामना किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवदानी,सराय अकिल मण्डल अध्यक्ष राम बहादुर जयसवाल, पिन्टू द्विवेदी विकास कुमार गुप्ता, शिव नरेश केशरवानी शिव बाबू केशरवानी, कामता प्रसाद चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेंद्र कुमार,नोडल अधिकारी आयुष्मान भव डॉ ओम त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक सराय अकिल अरूण कुमार तिवारी सहित स्वास्थ्य केन्द्र के सभी डॉक्टर, कर्मचारी वा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

22 सितम्बर को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा सम्बंधित गूगल मीट आयोजित

कौशाम्बी। उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर भारती त्रिपाठी की अध्यक्षता में 22 सितम्बर को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 से संबंधित जनपद कौशांबी के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रवक्ता डायट मेंटर एसआरजी, डीसी० प्रशिक्षण एवं एआरपी की गूगल मीट आयोजित किया गया। ब्लॉक वार सभी एआरपी से उक्त परीक्षा से संबंधित आवेदन की समीक्षोपरांत कुल उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट विद्यालय 469, अतः लक्ष्य - 4690 के सापेक्ष पूर्णतः भरा गया आवेदन-2535 एवम् प्रक्रिया में - 1912 आवेदन अर्थात् कुल संभावित आवेदन - 4447 की जानकारी प्राप्त हुई। सभी एआरपी डीसी प्रशिक्षण, एसआरजी, डायट मेंटर, खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त परीक्षा से संबंधित अपने अपने विचार सुझाव रखें गए प्राचार्य ने सभी मेंटर्स को लक्ष्य से अधिक फॉर्म भरवाने हेतु आदेशित किया उन्होंने कहा कि जहां समस्या आ रही है, उसे लिखित रूप से बीएसए कार्यालय में डीसी प्रशिक्षण को उपलब्ध कराए उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य ने परीक्षा का स्वरूप एवं पृष्ठभूमि,योग्यताएं अर्हता,फार्म भरने सम्बन्धित जानकारी,पाठ्यक्रम का प्रश्न पत्र सैम्पल एवं ओएमआर भरने का तरीका, शिक्षकों प्रधानाध्यापकों बीईओ का उत्तरदायित्व निर्धारण,परीक्षा की तैयारी कैसे करायी जाये,अभ्यास प्रश्न पत्र निर्माण में योगदान एवम् रिव्यू कमेटी गठित करने, विद्यालय स्तर पर तैयारी कैसे कराया जाय, भविष्य में निःशुल्क कोचिंग संचालन सम्बन्धी, बच्चों का डर कैसे दूर करें,त्रुटिपूर्ण आवेदन दूर करने हेतु प्रयास प्रधानाध्यापकों का उन्मुखीकरण करना ,सफलता की कहानी का प्रचार-प्रसार करने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर सभी प्रतिभागियों को आवश्यक निर्देश दिए। तथा सभी डायट मेंटर को प्रत्येक ब्लॉकों में 23 सितंबर को होने वाली बीईडी एच एम बैठक में उपस्थित होकर सभी प्रअ को प्रेरित करने के आदेश दिए। डॉ0 कमलेंद्र कुमार कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 को पढ़ाई से प्रतियोगिता अभियान के रूप में संचालन की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही जनपद कौशांबी उक्त परीक्षा में पूरे प्रदेश में अग्रणी होगा। इस परीक्षा से संबंधित जो भी एकेडमिक रिसोर्स सहयोग की जरूरत होगी, डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता या प्रवक्ता द्वारा पूर्ण मनोयोग पूर्वक उपलब्ध कराया जाएगा। प्राचार्या डायट ने अवगत कराया कि उक्त परीक्षा अन्तिम तिथि 28 सितम्बर-2023 है। आप सभी अधिक से अधिक आवेदन इस परीक्षा का प्रचार प्रसार करवाने हेतु एसएमसी बैठक, पीटीएम बैठक, शिक्षा चौपाल,बीइओ -हेड मास्टर मीटिंग में अनिवार्य रूप से बच्चों,अभिभावकों, शिक्षकों आदि को प्रेरित करें।

चलती ट्रक में अचानक लगी आग से हड़कंप

चालक व क्लीनर ने कूदकर बचाई जान, फायर बिग्रेड ने बुझाई आग, तब तक जल चुकी थी ट्रक

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में चलती ट्रक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया,आग से धू धू कर ट्रक जलने लगा तो ट्रक चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई,लोगो ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी,सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक ट्रक जल गया। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा चौराहा के बगल पेट्रोल पंप के पास आधी रात को एक ट्रक में अचानक चलते चलते आग लग गई।ट्रक में आग लगी देख ट्रक चालक और क्लीनर ने कूद कर अपनी जान बचाई।आग की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक ट्रक में काफी नुकसान हो गया था।

नगर पालिका भरवारी के कान्हा गौशाला में गाय की मौत पर बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

ईओ सुनील मिश्रा तहसीलदार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कान्हा गौशाला से बाहर कर दिया

कौशाम्बी। जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के मूरतगंज पल्हाना में स्थित कान्हा गौशाला में बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने रविवार को प्रदर्शन कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है कान्हा गौशाला में कई गायों के मरने और लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद मौके पर बजरंग दल के पदाधिकारी पहुंचे और जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाकर बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन किया। ईओ सुनील मिश्रा तहसीलदार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कान्हा गौशाला से बाहर कर दिया गया है,मृत गाय कों चुपके से बाहर कही ले जाने पर जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर धरना देकर बैठ गए और नारेबाजी करते रहे प्रदर्शन और बवाल की सूचना पर संदीपन घाट थाना की पुलिस फोर्स मौके पर पहुँची और आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर आश्वासन देकर मामला शांत कराया है।

कुत्ते से भिड़ा स्कूटी सवार, गभीर स्थिति में प्रयागराज रिफर

कौशाम्बी। कड़ा थाना अंतर्गत संभुयी गांव के पास रविवार शाम को एक हादसा देखने को मिला है जानकारी के अनुसार मोचारा खास गांव के रहने वाले अशोक कुमार 45 वर्ष पुत्र राम चंद्र रविवार शाम अपनी स्कूटी लेकर अलीपुर जीता रिस्तेदारी में जा रहे थे। संभुयी गांव के नजदीक नहर के पास अचानक रास्ते में एक कुत्ते से टक्कर हो गयी जिससे स्कूटी सहित वह सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरते ही खून से लतपथ हो गए घटना को देख आस पास के लोग मौके पर पहुचे। किसी ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस को दी । 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल अशोक कुमार को प्राथमिक उपचार देते हुए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कड़ा ले गए। घायल अशोक की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने स्वरुप रानी प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में अशोक को सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी थी तो एम्बुलेंस पर मौजूद ई एम टी योगेंद्र सिंह ने तत्काल ऑक्सीजन की सप्लाई देते हुए स्वरुप रानी प्रयागराज में भर्ती करवाया।

जय हिन्द मानवाधिकार एसोशिएशन की बैठक संपन्न

महगांव कौशाम्बी। मानवाधिकारों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता एवं उनके हक सम्मान के लिए जय हिन्द मानवाधिकार एसोशिएशन कार्य करती है रविवार को महगांव में संस्था के लोगों की एक बैठक हुई संस्था के जिला अध्यक्ष एजाज अहमद ने कहा कि संस्था मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ने का कार्य करती हैं चाहे जैसी भी मानवाधिकार की समस्या हो उसके लिए संस्था के लोग आगे आकर मदद करने के लिए तैयार हैं जैसे गरीब असहाय लोगों के साथ अन्याय हो या सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ में हक दिलाने का कार्य हो कार्यक्रम के दौरान महगांव के तमाम लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

5 वर्षों में करोड़ों खर्च लेकिन 500 मीटर नहीं बन सकी सड़क

कौशांबी। मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पण्डिरी में मोघू बेहना के घर से देवराज यादव के घर तक वा अनवर अहमद के घर से सुशील यादव के घर तक गली में इंटरलॉकिंग सीसी रोड नहीं बनाई गई है जिससे इस गली में पूरे वर्ष गन्दा पानी भरा रहता है गंदगी के बीच से लोगों को आना जाना पड़ता है दर्जनों बार मामले की शिकायत अधिकारियों से हुई लेकिन जांच के दौरान बजट नहीं है कह कर आइजीआरएस की शिकायतें निस्तारण कर दी गई है जबकि पण्डिरी ग्राम सभा में विकास के नाम पर 5 वर्षों में करोड़ों की रकम सरकारी खजाने से खर्च किया गया है जो बड़ी जांच का विषय है ग्राम पंचायत पण्डिरी में करोड़ों की रकम विकास के नाम पर खर्च किए जाने के बाद विकास ना होने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के बाद या तो जांच नहीं कराई जाती है और यदि जाच होती है तो जो भ्रष्टाचार में हिस्सेदार है और अधिकारियों तक कमीशन की रकम पहुँचा रहे हैं उन्हें जांच सौप कर गुणवत्ता पूर्ण जांच की उम्मीद लगाई जाती है जिससे निष्पक्ष तरीके से गांव के विकास और जाच नहीं हो पाते और सरकारी खजाने को अधिकारियों के साठगांठ से ग्राम पंचायत के जिम्मेदार खाली करने में लगे हैं जो बड़ी जांच का विषय है।

भाजपा नेत्री दीपा श्रीवास्तव के साथ भारी तादाद में लोगों ने जानी मोदी की मन की बात

कड़ा कौशाम्बी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में नगर पंचायत दारा नगर कड़ा धाम गाँधी नगर वार्ड 3 के बूथ संख्या 55 मे भाजपा नेत्री दीपा श्रीवास्तव के साथ तमाम लोगों ने सुनी गई जिसमें अपनी अपनी बात लोगो ने नेत्री मंडल अध्यक्ष दीपा श्रीवास्तव के बीच रखी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम जारी हुआ देशवासियों से बात करके 24 अगस्त को सुबह 11:00 बजे मिलेगी प्रशिक्षण किया जाएगा आज मन की बात कार्यक्रम का 105 वां एपिसोड है मोदी ने एक्सपेक्टेड पर इसकी जानकारी दी उन्होंने कहा सरकार जीवन यात्राओं का उजागर करने मे हमेशा खुशी होती है जिसमें आज भारतीय जनता पार्टी की नेत्री मंडल अध्यक्ष दीपा श्रीवास्तव ने लोगों के बीच में पहुंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मान की बात बताई लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र की आज मन की बात सुनने के लिए पहुंचे अविनाश श्रीवास्तव बृजभूषण मौर्य व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की आज मन की बात सुनकर लोगों में खुशियों की लहर दिखी।

प्रजापति समाज को एकजुट करने के लिए संघर्ष की जरूरत : अनुराग प्रजापति

कौशांबी। कुंभकार मानव कल्याण समिति कार्यालय कड़ा धाम में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता महेश प्रसाद प्रजापति ने किया बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के पुत्र अनुराग प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज को मजबूत करने के लिए समाज के बीच जाकर अपनी नीतियों को बताएं और समाज को जोड़ें समस्याओं पर मंथन करते हुए गरीबों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं का निराकरण के लिए संगठित रहे संचालन कर रहे रविकांत प्रजापति ने कहा कि धर्मशाला का निर्माण कुंभकार मानव कल्याण समिति के द्वारा ही होगा इस पर प्रजापति समाज के सभी लोगों ने प्रतिज्ञा किया आगे कहां कि समस्याओं से जनता को छुटकारा दिलाना है तो सभी प्रजापति साथियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा उपाध्यक्ष भूपेन्द्र प्रजापति ने कहा समाज के कार्यकताओं के ही संघर्ष से धर्मशाला बन सकता है धर्मशाला बनाने के लिए आप लोग संघर्ष करें कार्यक्रम में भूपेंद्र प्रजापति बुधराम प्रजापति रामप्रसाद प्रजापति धर्मेंद्र प्रजापति सत्यम प्रजापति मुन्नू प्रजापति अजय प्रजापति उर्फ रमापति हरी लाल प्रजापति अजय प्रजापति डॉक्टर अशोक प्रजापति वीरेंद्र कुमार प्रजापति देवराज प्रजापति एडवोकेट अंशु प्रजापति सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

81 पेटी सरसों तेल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। कोखराज थाना पुलिस द्वारा चोरी के 81 पेटी रिफाइंड सरसों तेल के साथ वांछित अभियुक्त अमर सिंह यादव पुत्र कैलाश यादव बजाहा औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

संगठित हिन्दू समाज मजबूत भारत की पहली कड़ी : अवधेश

अखंड भारत संदेश

टेनशाह आलमाबाद में आयोजित हुई हिन्दू जागरण मंच की बैठक, सर्वेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष तो पुष्पेंद्र पाण्डेय बने जिला उपाध्यक्ष

कौशाम्बी। कभी पूरे विश्व में अपनी सांस्कृतिक पहचान रखने वाला हिंदू समाज आज महज कुछ क्षेत्र तक सीमित रह गया है इसके पीछे जहां संगठित समाज सबसे बड़ा कारक रहा है। कभी हिंदू धर्म इंडोनेशिया मलेशिया म्यांमार सहित एक दर्जन से ज्यादा देशों में सर्वाधिक संख्या वाला धर्म था जो धीरे-धीरे धार्मिक आयोजनों में शिथिलता के चलते सिर्फ दो-तीन देशों तक सिमट कर रह गया है आज भारत में भी हिंदू धर्म को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है विदेश से मिलने वाले करोड़ों रुपए के फंड से धर्म को कमजोर किया जा रहा है जबकि मजबूत भारत देश की पहली कड़ी मजबूत हिंदू समाज है जब-जब हिंदू समाज बटा है तब तब देश की सीमाएं छोटी हुई है उक्तबातें हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने टेनशाह आलमाबाद के अगिया बेताल बाबा मंदिर में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद संगठन के लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान सर्वेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष तो राजीव को महामंत्री घोषित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिले में हिंदू जागरण मंच विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से जिले में चल रहे लैंड जिहाद, लव जिहाद के साथ चंगाई सभाओं पर नकेल करने के लिए संगठन को खड़ा कर रहा है। आज जिले में बड़ी संख्या में चंगाई सभाओं को विदेशों से आर्थिक मदद हासिल हो रही है जिससे गांव-गांव में लोगों को धन का लालच देकर मतातरण करने की कोशिश की जा रही है। जिसके लिए हम सभी को एकजुट होकर इस साजिश के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ना होगा तभी हमारी संस्कृति हमारे संस्कार सुरक्षित रह पाएंगे। आज पूरे विश्व में विभिन्न धार्मिक पंथ्यों के बीच में शीत युद्ध चल रहा है लेकिन महज हिंदू समाज और भारतीय संस्कृति ही एक ऐसा विकल्प है जो पूरे विश्व को शांति की ओर ले जाने का काम कर सकती है हम सभी को इस प्रण को धारण कर आगे बढ़ना चाहिए कि आने वाले भविष्य में हम अपने सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत कर आने वाली पीढ़ियों को सौंपेंगे। इस मौके पर सर्वेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष तो पुष्पेंद्र पाण्डेय, लवकुश पटेल, अगनेय मौर्य को उपाध्यक्ष तो मनीष मिश्रा, हनुमान प्रसाद पटेल, लवकुश पटेल, कुलदीप मिश्रा, राम प्रसाद, गौरव सिंह, चेतन दुबे, शिवा पटेल, अश्वनी प्रजापति, रामचन्द्र निर्मल, कमलेश लोधी को ब्लाक कार्यकारणी का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिखर मिश्रा, रजत पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, दीपक मौर्य, आनन्द सिंह, अरुण कोविन्द, पवन दुबे, उमाशंकर पटेल, गोलू तिवारी, प्रमोद सहित सैकड़ों की संख्या में संगठन के लोग उपस्थित रहे।

रेप पीड़िता आरोपी के मामी के साथ गायब

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित नाबालिग बालिका के साथ कुछ महीने पहले रेप की घटना घटित हुई थी मामले में पुलिस ने आरोपी युवक मनीष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आरोपी जेल में बंद है 24 सितंबर को आरोपी युवक की मामी पीड़ित बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई हैं घर से बालिका के गायब होने के बाद बालिका की मा ने चरवा थाना पुलिस को तहरीर दे कर सम्पूर्ण प्रकरण की जानकारी देते हुए गायब बालिका को बरामद करने और आरोपी की मामी पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी कोखराज थाना पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त रणवीर सिंह पुत्र छंगूलाल निवासी चकमाहपुर को रोही चौराहे के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का पुलिस ने चालान न्यायालय में किया है।

कौशांबी के 17 व्यापारियों को व्यापार शिरोमणि से किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में 21 नवंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल कर पूरे प्रदेश को बंद करेगा व्यापारी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश कार्य समिति की बैठक में 30 जनपद के प्रतिनिधि हुए शामिल

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश कार्य समिति की बैठक उदयन सभागार कलेक्ट्रेट परिसर जनपद कौशांबी में रविवार को संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने किया बैठक में 30 जनपद के प्रतिनिधि शामिल हुए। इटावा आगरा फतेहपुर सहारनपुर वाराणसी रायबरेली प्रयागराज प्रतापगढ़ चित्रकूट बांदा मिजार्पुर सोनभद्र भदोही अमेठी जौनपुर चंदौली उन्नाव कानपुर के व्यापारी नेताओं ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से अपने-अपने व्यापार को प्रभावित बताया और कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग नहीं बंद हुई तो हम छोटे-छोटे व्यापारी भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे ।सभी जनपदों के व्यापारियों के प्रस्ताव आने के बाद बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में 21 नवंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल कर पूरे प्रदेश को बंद किया जाएगा सदन में बैठे ब्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि इस बंदी का पूर्ण समर्थन करते हुए अपने-अपने जनपदों को बंद रखेंगे। व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती मनाते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में व्यापारी सम्मेलन आयोजित करेंगे आज के बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ कि कौशांबी जनपद में दिसंबर माह में व्यापारी महासम्मेलन आयोजित होगा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल का त्रिवार्षिक चुनाव लखनऊ में दिसंबर माह में संपन्न होगा निर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह सहारनपुर में संपन्न होने का प्रस्ताव पारित हुआ। प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने जनपद कौशांबी में व्यापार मंडल में रहते हुए व्यापारिक हितों में जो भी कार्य किया है उनको प्रदेश कार्यसमिति में व्यापार शिरोमणि से सम्मानित करने का कार्य का प्रस्ताव रखा था जिसमें जनपद कौशांबी के 17 व्यापारियों को व्यापार शिरोमणि से सम्मानित किया गया है जिसमें गंगा प्रसाद केसरवानी काले पूर्व चेयरमैन भरवारी , मथुरा प्रसाद अग्रहरी मंझनपुर ,घनश्याम दास ,राधेश्याम केसरवानी, राहुल रस्तोगी सराय अकिल ,सीताराम केसरी ,अशोक साहू देवीगंज ,सुधाकर गर्ग पश्चिम सरीरा ,राजेंद्र केसरवानी पश्चिम सरीरा ,राजेश कुमार सरार्फा पश्चिम सरीरा ,चिरौंजी लाल सिराथू ,संतोष केसरवानी मंझनपुर ,नरेश साहू मूरतगंज ,इम्तियाज अहमद देवीगंज ,संतोष केशरवानी सिराथू , ,रामबाबू केसरवानी मूरतगंज ,गोपाल दास सराय अकिल ,उमेश चंद्र केसरवानी मनौरी शामिल है। कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि जनपद में व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बैठक मे बिजली विभाग जीएसटी विभाग ,फूड विभाग एवं मंडी समिति के अधिकारियों की शिकायत प्राप्त हुई है यह अपने आप को सुधार कर ले अन्यथा कौशांबी जनपद छोड़कर चले जाएं कार्यक्रम का संचालन युवा जिला अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने किया संयोजक अंशुल केशरवानी अध्यक्ष मंझनपुर ने सभी व्यापारियों का स्वागत किया कोषाध्यक्ष बिपिन केसरवानी ने अपने अपने संबोधन में कहा कि जनपद के सभी बाजारों में हमारे संगठन ने व्यापारियों की सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बना लिया है पुष्पेंद्र केशरवानी सिराथू रमेश अग्रहरि अझुवा प्रमोद साहू देवीगंज नीरज साहू देवीगंज श्याम अग्रहरि देवीगंज रविकांत केसरवानी मूरतगंज वीरेंद्र केसरवानी भरवारी गौरव केसरवानी भरवारी अंशुल केसरवानी मंझनपुर बृजेश अग्रहरी करारी राकेश अग्रहरी सराय अकिल गौरी शंकर मोदनवाल सराय अकिल सुधीर केसरवानी मनौरी सत्य प्रकाश केसरवानी चरवा विपिन केसरवानी पश्चिम शरीरा राजेश अग्रहरी भरवारी प्रमोद केसरवानी ओसा मंडी रविकांत केसरवानी मूरतगंज धर्मेंद्र गुप्ता समदा सुभाष केसरवानी तिल्हापुर कैलाश केसरवानी चरवा सुनील केसरवानी अभिषेक गुप्ता सूरज मोदनवाल सुमित केसरवानी मुकुल केसरवानी सुदीप सोनी सहित सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

संपादक की कलम से

आर्थिक तंगी के चलते भूखों मरता पाकिस्तान अब अपनी बदनीयती की वजह से प्यासे भी मरेगा

आर्थिक तंगी के चलते भूखों मरता पाकिस्तान अब अपनी बदनीयती की वजह से प्यासे भी मरेगा। आतंकियों का पनाहगार बने पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद होने वाला है। भारत अब पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी जल समझौते पर आगे नहीं बढ़ना चाहता। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़नी तय हैं। इस मामलें में भारत ने वियना में एक तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा बुलाई बैठक में अपना वक्तव्य दे दिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रतले पनबिजली परियोजनाओं पर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद पैदा हो गया है। पाकिस्तान इस विवाद का समाधान चाहता है। मगर आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान को भारत अब पानी नहीं देना चाहता। यह बैठक इसके समाधान के उद्देश्य से कार्यवाही का हिस्सा थी।

पाकिस्तान की आर्थिक हालत इस कदर बदहाल हो गई है कि वहां लोगों को दो वक्त की रोटी के लाले पड़े हैं। पाकिस्तान भूख से तड़प रहा है। आटे, दाल और चावल के लिए लोग आपस में छीना-झपटी और मारपीट तक कर रहे हैं। पाकिस्तान के आंतरिक हालात की ये तस्वीरें पूरी दुनिया देख रही है। महंगाई पाकिस्तान में लोगों की कमर तोड़ चुकी है। पाकिस्तानियों को भरपेट भोजन भी नसीब नहीं हो रहा। अभी तक पाकिस्तान भूख और आर्थिक बदहाली का मारा है, लेकिन अब उसके प्यासों मरने की भी नौबत आ गई है। भारत ने पहले उसे दर-दर कटोरा लेकर भीख मांगने को मजबूर किया था। अब यही भारत उसे बाल्टी पकड़ाने जा रहा है। क्योंकि पाकिस्तान की हरकतें ही कुछ ऐसी हैं। दरअसल भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी जल समझौता तोड़ने के मूड में है। इससे पाकिस्तान भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। अगर भारत ने यह समझौता तोड़ दिया तो पाकिस्तान को प्यासे मरने की नौबत आ जाएगी। फिर वह बाल्टी लेकर भटकेगा।

गौरतलब है कि भारत ने सिंधु जल समझौता 1960 में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है. 62 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब भारत ने सिंधु जल समझौते में संशोधन की मांग की थी . उस समय पाकिस्तान को जारी नोटिस इसलिए भी मायने रखता था क्योंकि भारत के कई एक्सपर्ट्स समय-समय पर इस समझौते को रद्द करने की मांग करते रहे हैं. भारत भी इससे पहले पाकिस्तान को पानी रोकने की चेतावनी दे चुका था . पुलवामा हमले के बाद फरवरी 2019 में भारत के तत्कालीन परिवहन और जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत पाकिस्तान में बह रहे अपने हिस्से के पानी को रोक सकता है. सिंधु जल समझौता रद्द होने या भारत की ओर से पानी डायवर्ट करने से पाकिस्तान में नदी के पानी पर निर्भर रहने वाले करोड़ों लोगों के लिए संकट पैदा हो सकता है. सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने यह नोटिस 25 जनवरी 2022 को जारी किया था . भारत की ओर से जारी नोटिस में कहा गया था कि भारत, पाकिस्तान के साथ जल संधि को पूरी तरह से लागू करने का समर्थक रहा है. लेकिन पाकिस्तान की कार्रवाइयों ने भारत को जरूरी नोटिस जारी करने के लिए मजबूर कर दिया. नोटिस जारी करने का मुख्य मकसद पाकिस्तान को समझौते के उल्लंघन को सुधारने के लिए 90 दिनों की मोहलत देना था . पाकिस्तान नोटिस रिसीव करने के तीन महीने के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता था .

दरअसल सिंधु जल समझौता तत्कालीन भारतीय प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तानी मिलिट्री जनरल अयूब खान के बीच कराची में सितंबर 1960 में हुआ था. लगभग 63 साल पहले हुई सिंधु जल संधि (क्हळ) के तहत भारत को सिंधु तथा उसकी सहायक नदियों से 19.5 प्रतिशत पानी मिलता रहा है।

महिला आरक्षण: बातें हैं बातों का क्या ?

तनवीर जाफरी

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने वाला बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का नाम दिया है,कई दशकों की प्रतीक्षा के बाद लोकसभा में ऐतिहासिक बहुमत के साथ पारित हो गया। इस विधेयक के समर्थन में 454 मत पड़े जबकि 2 मत इस के विपक्ष में भी पड़े। गोया लगभग पूर्ण बहुमत से इसे संसद ने पारित कर दिया। सदन में महिला आरक्षण विधेयक पारित होते ही सत्ता और विपक्ष दोनों में इसका श्रेय लेने की होड़ मच गयी। कांग्रेस ने इसे अपना बहुप्रतीक्षित विधेयक बताया जबकि संसद के नये भवन में इस पहले विधेयक को पारित कराकर भारतीय जनता पार्टी इसे चुनाव पूर्व का अपना मास्टर स्ट्रोक बता रही है। इस विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस विधेयक के पारित होने के बावजूद महिलाओं को आरक्षण का लाभ कब से मिलना शुरू होगा इसका किसी को ज्ञान नहीं। केवल कयास लगाए जा रहे हैं। किस वर्ग की महिलाओं को मिलेगा यह भी पता नहीं है। और कैसे मिलेगा यह भी स्पष्ट नहीं। ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्ल के नाम से पारित हुये इस अधिनियम में संविधान के 128 वें संशोधन में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रावधान है। हालांकि इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव व 2024 में प्रस्तावित लोकसभा के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू होना असंभव है। क्योंकि महिला आरक्षण के ड्राफ़्ट के अनुसार इस कानून के बनने के बाद होने वाली पहली जनगणना और फिर सीटों के परिसीमन के बाद ही महिलाओं हेतु आरक्षित सीटों का निर्धारण किया जायेगा । जबकि 2010 में यू पी ए के शासनकाल में राज्यसभा में महिला आरक्षण सम्बन्धी जो पिछला विधेयक पारित हुआ था उसमें परिसीमन की शर्त नहीं थी। और भाजपा ने भी उस समय परिसीमन जैसी किसी शर्त के बिना ही उस विधेयक का समर्थन किया था। सवाल यह है कि आज जब भाजपा सरकार महिला आरक्षण को लागू करने के लिए अधिनियम बना रही है तो उसे सबसे पहले परिसीमन से जोड़ने की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है ? क्या इसी लिये नए ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्ल में महिला सीटों के आरक्षण के लिए अनुच्छेद 334 ए जोड़ा गया है। जिसमें कहा गया है महिला आरक्षण के लिए परिसीमन अनिवार्य होगा? माना जा रहा है कि परिसीमन का मकसद लोकसभा सीटें बढ़ाना भी हो सकता है। गौरतलब है कि 2021 में होने वाली जनगणना भी अभी तक नहीं हुई है। यदि सब कुछ निर्बाध रूप से और बिना किसी टाल मटोल के हुआ तो शायद महिला आरक्षण 2026 से लागू हो सके अन्यथा अनिश्चितता की सूरत बनी रहेगी। हालांकि सरकार ने यह जरूर बता दिया है कि'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से लोकसभा में महिलाओं की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी। यह भी बताया गया है कि 15 वर्ष के लिए आरक्षण का प्रावधान है हालांकि संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा।

बहरहाल महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद अनेक विश्लेषकों व राजनीतिज्ञों की तरह तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कांग्रेस चाहती है कि इसे तत्काल लागू किया जाये। इसे लागू करने के लिए जनगणना या परिसीमन की कोई जरुरत नहीं है। जबकि कुछ का मत यह भी है कि जब महिलाओं को आधी आबादी कहकर सम्बोधित किया जाता है तो उनके लिये आरक्षण भी 33 प्रतिशत क्यों,50 प्रतिशत क्यों नहीं ? और यदि वास्तव में सरकार की नीयत महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर साफ है तो परिसीमन व जनगणना जैसे बहानों की जरुरत क्या ? जिस तरह भाजपा द्वारा दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में महिलाओं को इकठ्ठा कर बाकायदा जश्न मनाकर प्रधानमंत्री का महिला आरक्षण अधिनियम के लिये पार्टी की महिलाओं द्वारा धन्यवाद किया गया और उन्हें महिलाओं का इस सदी का सबसे बड़ा नायक व इतिहास पुरुष बताने की कोशिश की गयी उससे कम से कम एक बात तो स्पष्ट है कि बावजूद इसके कि आगामी विधानसभा व लोकसभा किन्हीं भी चुनावों में महिला उम्मीदवारों के लिए इस आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिलेगा परन्तु इसके बावजूद यह भी तय है कि महिला आरक्षण का यह मुद्दा निकट भविष्य के सभी चुनावों में मुख्य मुद्दा बनने वाला है। इसे इसलिये जरूर सरकार का मास्टर स्ट्रोक कहा जा सकता है कि सरकार ने आधी आबादी के प्रति अपनी हमदर्दी का सन्देश भी दे दिया और पुरुषों का वर्चस्व भी फिलहाल यथावत बना रहने दिया। तो क्या केवल चुनावी लाभ हासिल करने की गरज से ही यह सारी कवायद की गयी ? जिस तरह संसद के नये भवन में महिला आरक्षण के रूप में पहला विधेयक पेश किया गया और उसे ऐतिहासिक समर्थन के साथ पूर्ण बहुमत से पारित भी करा लिया गया इससे बेशक यह संकेत तो मिलता है कि सरकार आधी आबादी की हित चिंतक है। परन्तु इन सवालों से भी यही सरकार कैसे बच सकती है कि जब इसी वर्ष 28 मई को नये संसद भवन का उद्घाटन किया गया था उस समय देश की महिला राष्ट्रपति को इस भवन के उद्घाटन हेतु क्यों आमंत्रित नहीं किया गया था ? जबकि वह उनका अधिकार भी था और यदि वे उद्घाटन करतीं तो राष्ट्रपति के महिला होने के नाते आज अच्छा सन्देश भी जाता ? और जब बात नये संसद भवन के उद्घाटन की होती है तो उस दिन को देश इसलिये भी नहीं भूल सकता क्योंकि उसी दिन विश्व में देश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं ने जो एक भाजपा सांसद द्वारा उनका यौन शोषण किये जाने के चलते जंतर मंतर पर धरना दे रही थीं उन्होंने उसी 28 मई को नये संसद भवन के सामने महिला पंचायत आहूत की थी जिसे सरकार ने बलपूर्वक होने नहीं दिया। यहाँ तक कि महिला खिलाड़ियों का तम्बू भी धरना स्थल से उखाड़ फेंका। महिला आरक्षण पर हुई चर्चा के दौरान पंजाब की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी अपने भाषण में जहां देश में महिलाओं की वास्तविक स्थिति बयान करने की कोशिश की वहीं वे यह बताने से भी नहीं चूकीं कि महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोपी भाजपा सांसद इस समय भी लोक सभा में मौजूद है। तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने भी याद दिलाया कि देश के लिये स्वर्ण पदक लेने वाली महिलायें धरने पर थीं जबकि उनका शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी आज संसद में बैठा है? इसी विधेयक पर चर्चा के दौरान कई सांसदों ने मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाये जाने,महिलाओं के प्रति हो रहे राष्ट्रव्यापी अपराध,देश में बढ़ती जा रही बलात्कार की घटनाओं का भी जिक्र किया। बहरहाल सत्ता और विपक्ष खासकर भाजपा व कांग्रेस के बीच महिला आरक्षण का श्रेय लेने की बातें तब तक बेमानी और महिलाओं को भ्रमित करने वाली हैं जब तक यह लागू नहीं हो जाता। इस अधिनियम को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' जैसा लोकलुभावन नाम दिया जाना भी तब तक मीठी बातें ही हैं। और तब तक महिला आरक्षण की बातें सिर्फ बातें हैं, बातों का क्या ?

भारत की बड़ी जनसंख्या वैश्विक बाजार की आवश्यकता

संजीव ठाकुर

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं।

यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी मैं काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है संसाधनों के उचित प्रयोग एवं सदुपयोग की।

अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि हम जानते हैं कि समस्याओं को उत्पन्न करने में हम ही लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं हम लोग को यह समझना होगा कि समस्याओं से निपटने की हमारी भूमिका उतनी ही अहम है जितनी शासन-प्रशासन की। इसीलिए जनसंख्या नियंत्रण उपलब्ध संसाधनों के समुचित सही दोहन की जिम्मेदारी हम सब पर होती है इसमें समुचित सहयोग प्रदान करना होगा तब जाकर भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आकर खड़ा हो सकता है।

ओबीसी के नाम पर बेवकूफ बंनाने का ड्रामा

-डॉ सत्यवान सौरभ

आंकड़ों का अध्यन करें तो हम पाएंगे कि देश के कुल केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग में केवल 5 उप-कुलपति है। अगर रजिस्ट्रार देखें तो पिछड़े समाज के तीन हैं। देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर की तय सीटों की मात्र 4.5 प्रतिशत ही भरी गई हैं। अमूमन यही स्थिति एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर में भी है। सीटों के खाली रहने के साथ-साथ ओबीसी के साथ क्रीमीलेयर का घटिया खेल खेलकर उनको कहीं का भी नहीं छोड़ा जा रहा है जिसकी वजह से उनकी जाति का सर्टिफिकेट तक छिना जा रहा है। छह या आठ लाख की मामूली सीमा से ओबीसी का हक मारकर आने वाली पीढ़ियों को पंगु बनाया जा रहा है जबकि अन्य आरक्षित वर्गों में न तो कोई क्रीमीलेयर है न कोई और बाध्यता? जिसकी वजह से इन वर्गों के बड़े-बड़े अफसरों के बच्चे भी पीढ़ियों तक आरक्षण का फायदा उठा पाएंगे। बड़े समाज को पीछे छोड़ हम अपने देश को सशक्त नहीं कर सकते। क्या यह कहना उपयुक्त नहीं है कि सारे तथ्यों को जानते हुए भी सरकारों द्वारा ओबीसी वर्ग के साथ धोखा किया जा रहा है?

सांप्रदायिकता और आरक्षण ने भारी संख्या में युवाओं का मानसिक और राजनीतिक विकास रोक दिया है। उन्हें कुंठित बना दिया है। उनकी जरूरत समाप्त हो चुकी है क्योंकि वे सामाजिक न्याय की मुख्यधारा से कट गए हैं। काट दिया गया है। इन दो नफरतों के कारण जरूरत ही समाप्त हो चुकी है। बेहतर है आप आरक्षण के महत्व को समझें। उसके नाम पर खुद को मुख्यधारा से अलग न करें। अपने भीतर जातिगत नफरत को मिटाइये। थोड़ी कोशिश करेंगे तो इस नफरत से मुक्ति मिल जाएगी। आप अच्छा महसूस करेंगे। सभी समाज के लोगों को यह बात समझनी चाहिए कि आरक्षण के कारण अवसर खत्म नहीं होते हैं। अवसर खत्म होते हैं दूसरी नीतियों के कारण। चार पूँजीपतियों की पूँजी बढ़ती रहे इसके लिए आर्थिक नीतियों का जाल बिछाने के कारण अवसर समाप्त होते हैं। लोग यह समझ नहीं पाते हैं कि उनकी नौकरी में रुकावट आरक्षण नहीं है। अवसर की कमी है। सरकार की मूर्खतापूर्ण हरकतों के कारण अवसर समाप्त हो चुके हैं। प्राइवेट हों या सरकारी क्षेत्र में। ये आरक्षण के कारण नहीं हुआ है। चूँकि आप आर्थिक जगत के मुश्किल खेल को नहीं समझ पाते तो फिर से आरक्षण पर पहुँच जाते हैं कि इसकी वजह से नौकरी नहीं मिल रही है। जबकि जिन्हें आरक्षण मिला है उन्हें भी नौकरी नहीं मिल रही है।

अब आते हैं ओबीसी पर। केवल केंद्र सरकार के संस्थानों में शिक्षकों के खाली पदों को जोड़ लें तो पता चलेगा कि ओबीसी के चालीस से साठ फीसदी तक पद खाली हैं।

गंभीर इकोनोमिक क्राइसेस झेल रहा है पाकिस्तान !

सुनील कुमार

पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट(इकोनोमिक क्राइसेस) झेल रहा है और पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में भुखमरी बढ़ी है। सच तो यह है कि पाकिस्तान के हालात बहुत ही बुरे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि पाकिस्तान में आम लोगों को दो वक्त की रोटी तक भी नसीब नहीं हो पा रही है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में पाकिस्तान में रोटी, दाल, चावल और आटा के लिए लोग लगातार भटक रहे हैं। दाल,चावल और आटे की कीमतें आसमान छू रही हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान में महंगाई से बुरा हाल है। यहां पेट्रोल के दाम 26.02 पाकिस्तानी रुपए बढ़कर 331.38 रुपए हो गए। वहीं हाई-स्पीड डीजल 17.34 रुपए बढ़कर 329.18 पाकिस्तानी रुपया हो गया। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, पिछले एक महीने में पेट्रोल-डीजल के रेट में करीब 58.43 और 55.83 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, अगस्त में इंफ्लेशन रेट में 27.4% से ज्यादा की वृद्धि हुई, जिसके बाद पेट्रोलियम की कीमतें बढ़ी हैं। आने वाले दिनों में सामान्य कीमतें भी बढ़ने के आसार हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि पाकिस्तान में भोजन के लिए आपस में झड़प, लड़ाई झगड़ा करते लोगों की तस्वीर वास्तव में पाकिस्तान की बदहाली को ही बयां करती है कि पाकिस्तान के हालात आखिरकार कैसे हैं ? सच तो यह है कि पाकिस्तान में गरीबी और बेरोजगारी अपने चरम पर है। हम यहां यह बात भी कह सकते हैं कि पाकिस्तान आजकल कंगाली के स्तर पर है और आम जनता का पाकिस्तान में हाल बेहाल हो रहा है। पिछले साल डेढ़ साल से तो पाकिस्तान की संपूर्ण अर्थव्यवस्था ही डांवाडोल हो चुकी है और यह बात आंकड़ों से बखूबी पता चलती है। विश्व बैंक ने कहा है कि पिछले वित्तीय वर्ष यानी कि वर्ष 2022-23 में पाकिस्तान में गरीबी बढ़कर 39.4 प्रतिशत का स्तर छू चुकी है। वास्तव में गरीबी के यह आंकड़े अत्यंत ही चौंकाने वाले हैं। आंकड़ों के अनुसार खराब आर्थिक हालात के कारण पाकिस्तान में 1.25 करोड़ से अधिक नए लोग इसकी चपेट में आए हैं।विश्व बैंक ने पाकिस्तान के बारे में यह कहा है कि वित्तीय स्थिरता हासिल करने के लिए पाकिस्तान को तत्काल कदम उठाने होंगे, अन्यथा अब उसे बर्बाद होने से कोई नहीं बचा सकता है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार पाकिस्तान में गरीबी एक साल के भीतर 34.2 प्रतिशत से बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही पाकिस्तान में 1.25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से नीचे आ गए हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि पाकिस्तान में 3.65 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन के आय स्तर को गरीबी रेखा माना जाता है। मसौदा नीति में कहा गया कि लगभग 9.5 करोड़ पाकिस्तानी अब गरीबी में रहते हैं,

जबकि उसकी कुल जनसंख्या 23 करोड़ के करीब है। इससे हम यह सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि पाकिस्तान में गरीबी किस कदर हावी है ? यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि पाकिस्तान में इस वर्ष हालात पिछले वर्ष के मुकाबले और भी अधिक खराब हो गये हैं। पिछले वर्ष गरीबी का आंकड़ा 34.2 प्रतिशत था अब वह आंकड़ा 39.4 प्रतिशत का स्तर छू चुका है। सच तो यह है कि इन दिनों पाकिस्तान गंभीर आर्थिक और मानव विकास को लेकर अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है। पाकिस्तान में बिजली की दरें बहुत अधिक हैं और लोग बिजली की दरें चुकाने में समर्थ नहीं हैं। पहले से बिजली की बढ़ी दरों को झेल रहे पाकिस्तान की आम जनता को हाल ही में एक ओर झटका लगा है। दरअसल, पाकिस्तान के नेशनल इलैक्ट्रिक पावर रेगुलेरिटी अथारिटी ने बिजली बिल में 3.28 पाकिस्तानी रूपए प्रति यूनिट की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने से पाकिस्तान सरकार को रोक दिया था। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि पाकिस्तान में उस समय बढ़ें बिलों को लेकर पाकिस्तान में व्यापक स्तर पर बहुत से विरोध प्रदर्शन भी किए गए थे।

बहरहाल, उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक के प्रमुख अर्थशास्त्री टोबियास हक ने कहा कि पाकिस्तान का आर्थिक मॉडल अब गरीबी कम नहीं कर रहा है और समकक्ष देशों के मुकाबले यहां जीवन स्तर घट रहा है। विश्व बैंक ने कृषि और रियल एस्टेट पर कर लगाने तथा बेकार के खर्च में कटौती करने का आग्रह किया है। यह बहुत ही गंभीर है कि पाकिस्तान में लोगों की रोजाना कमाई भारत के 300 रूपए से भी कम है। पाकिस्तान के हालात ऐसे हो गये हैं कि उसको अपनी एयरलाइन तक बेचनी पड़ रही है। आज पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार (फोरेक्स रिजर्व) गिरता जा रहा है और गोल्ड रिजर्व भी उसी तेजी से घट रहा है। पाकिस्तान कर्ज के बोझ तले बुरी तरह से दबा हुआ है। बहरहाल ,वास्तव में

आर्थिक संकट से निपटने के लिए पाकिस्तान की सरकार को जितनी जल्दी हो सके विदेशी कर्ज.हासिल करना होगा। लेकिन, यहां यक्ष सवाल ये पैदा होता है कि आखिर पाकिस्तान को कर्ज. देगा कौन ? पहले ही पाकिस्तान पर बहुत सा विदेशी कर्ज है। जानकारी देना चाहूंगा कि आई एम एफ(अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) तबतक पाकिस्तान को पैसे देने से इंकार कर चुका है, जबतक वो उसकी तमाम शर्तों को मानने के साथ उनपर अमल नहीं करता। वहीं सऊदी अरब पाकिस्तान को बिना ब्याज के कर्ज. देने से इनकार कर चुका है। यहां तक कि चीन भी पाकिस्तान को किसी भी तरह का कर्ज.देने से बचता नजर आ रहा है। हाल फिलहाल,वर्ल्ड बैंक ने उपाय बताया कि टैक्स-टू-जीडीपी अनुपात में तुरंत 5% की ग्रोथ और एक्सपेंडिचर्स यानी व्यय में जीडीपी के लगभग 2.7% की कटौती की जानी चाहिए। इससे अस्थिर अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाया जा सकता है। इतना ही नहीं, वर्ल्ड बैंक ने सरकारी रेवेन्यू को बढ़ाने के लिए भी उपाय बताया है। वर्ल्ड बैंक ने कहा कि रेवेन्यू-टू- जीडीपी अनुपात में 5% का सुधार करने के लिए टैक्स छूट को वापस लिया जा सकता है। इसके अलावा रियल एस्टेट और एग्रीकल्चर सेक्टर्स पर टैक्स को भी बढ़ाया जा सकता है।

कुत्ते का पोस्टर हटाने को लेकर महिला ने युवक का कॉलर पकड़ा

नोएडा। नोएडा में आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आती रहती है।

लेकिन नोएडा के सेक्टर-75 स्थित एम्स गोल्फ एवेन्यू हाउसिंग सोसाइटी में कुत्तों से संबंधित एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जहां कुत्ते का पोस्टर हटाने को लेकर एक महिला ने युवक का कॉलर पकड़ कर उससे अभद्रता करते हुए मारपीट की है। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर अब वायरल हो रहा है। एक मिनट एक सेकंड की वायरल वीडियो में दबंग महिला युवक को पहले पीटती है फिर उसके बाद बाल खींचकर मारती हुई दिखाई देती नजर आ रही है। घटना 20 सितंबर की रात करीब 8:10 बजे के आसपास की है। नोएडा के सेक्टर-113 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-75 स्थित एम्स गोल्फ एवेन्यू हाउसिंग सोसाइटी में बीते बुधवार की रात अरुणिमा सिंह (आशी सिंह) नाम की एक महिला की एक युवक से कुत्ते की पोस्टर हटाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना आगे बढ़ गया कि महिला ने युवक को थप्पड़ जड़ दिए।

यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी में ज्ञान सत्र का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी में ज्ञान सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय था शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में उद्योग-शैक्षिक सहयोग में सामंजस्य बनाना। डॉक्टर इंदु उप्रेति ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का इस सत्र में प्रतिनिधित्व किया और अपने व्याख्यान में उन्होंने विश्वविद्यालय के शोध योगदान, शोध उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में बात की। साथ ही उद्योग पिछले एक से दो वर्षों में हुए आपसी समझौतों आदि संदर्भ में भी बात की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की हाल की उद्योग जगत से समझौतों का छात्रों के ज्ञान में वृद्धि एवं उन्होंने नौकरी मिलने भी भी मदद मिली। उच्च शिक्षा संस्थानों के उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को प्रवर्तित करने के लिए उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को प्रमोट करने के लिए ज्ञान सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा संस्थानों को उद्योगों के साथ साझेदारी के महत्व को चर्चा करने और गहन विचार करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

850 बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

चित्रकूट: भाजपा द्वारा 850 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वच्छता केन्द्रों में आयुष्मान भवः योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्डों को लाभार्थियों को बाटने का काम किया गया। पहाडी में सांसद आरके सिंह पटेल, मऊ में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, खोह में पंकज अग्रवाल, रामनगर में रजना उपाध्याय उपस्थित रहकर आयुष्मान कार्ड बाटने का काम किया।

मन की बात कार्यक्रम में अलग-अलग स्थनों पर प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक और युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता की।

जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी दीप अवस्थी ने मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रधानमंत्री के प्रेरणास्पद विचार को सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से सुना तथा इस ऐतिहासिक आयोजन के प्रत्यक्ष साक्षी बने। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात सभी स्थानों पर परिचर्चा भी हुई। दीप अवस्थी ने कहा कि विचारों से ही परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होती है। पीएम

मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों को विकास के अवसर मिले हैं। पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम में समाज में परिवर्तन करने वाले लोगों का उल्लेख करते हैं। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि मन की बात के प्रेरणास्पद विचार हम सबको नवीन ऊर्जा देते हैं। मन की बात कार्यक्रम में जनसहभागिता से विचारों का प्रवाह समाज में तेजी से हो रहा है। पीएम मोदी जन जन से संवाद करके आत्मनिर्भर भारत के पुनर्निर्माण का संकल्प पूर्ण कर रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने विचारों व कार्यों से भारत को विश्व के नेतृत्व करने वाले देश के रूप में स्थापित कर दिया है। शिवरामपुर सामुदायिक स्वच्छता केन्द्र में आयुष्मान भवः योजना का शुभारंभ करते हुए जिलाध्यक्ष लवकुश प्रसाद चतुवेर्दी ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा गरीबों के ईलाज के लिये आयुष्मान भवः योजना चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से 5 लाख रुपये तक का मुक्त में ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। जनपद में लगभग 4 लाख 50 हजार आयुष्मान कार्ड बन चुके है। 2 लाख नये कार्ड बनाये जायेगे। जिसमे स्वच्छता कर्मियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता लगकर कार्ड बनवाने का काम करेगे।

सांसद आर के पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर मान बढ रहा है। आप सभी पीएम मोदी के हाथों को मजबूत रखने के लिए अपना समर्थन और मत पीएम मोदी के साथ बनाए रखें। उन्होंने पहाडी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे आयुष्मान भवः योजना का शुभारंभ कर लाभार्थियो को कार्ड बाटने का काम किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पीएम मोदी जन जन के सुझाव अपनी बात में समाहित करते हैं। पीएम मोदी मन की बात के माध्यम से लोगों से सीधे जुडने का काम करते है। भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने दुनिया में देश का मान बढाया है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में जन संवाद की संवेदी व व्यापक पहल मन की बात कार्यक्रम की हर वर्ग को प्रतीक्षा रहती है। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनसंवाद और विचारों के आदान प्रदान का सकारात्मक मंच है। पूर्व विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी के आग्रह से व्यापक सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि यह सबके साथ की बात है, सबके विश्वास की बात है, सबके प्रयास की बात है, सबके विकास की बात है, यह प्रधानसेवक के मन की बात है।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पहाडी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, जिला संयोजक आलोक पाण्डेय, रंजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर, हरिओम करवरिया, अन्जू वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, विपुल सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अश्विनी अवस्थी, भागवत त्रिपाठी, राजीव त्रिपाठी, रामबाबू गुप्ता, सुरेश अनुरागी, रवि गुप्ता, शिवाकान्त पांडेय, गोलू गर्ग, शशी मिश्रा, बृजेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जुगाड़ के सहारे जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे विद्युत विभाग के संविदा कर्मी बुंदेली सेना ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

चित्रकूटः विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे हैं। बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा उन्हें जरूरी उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। कर्मचारियों के हक में डाका डालकर ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं और कर्मचारी कभी चोटहिल होते हैं तो कभी उन्हें जान गवानी पड़ती है। फिर भी कोई पसीझ नहीं रहा और कर्मचारी लगातार पीड़ा का दंश झेल रहा है। बुंदेली सेना ने ऊर्जा मंत्री से संविदा कर्मचारियों की समस्यायों का निराकरण करने की गुहार लगाई है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि ठंडी, गर्मी और बारिश के दिनों में बिजली विभाग के संविदा कर्मी जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। जिले में लगभग 300 कुशल और अकुशल कर्मचारी ठेकेदार के अंतर्गत कार्य करते हैं। इन कर्मचारियों को सीढी, सेफ्टीबेल्ट, ग्लब्स, प्लायर, अर्थचैन, फ्यूज वायर और टार्च जैसी जरूरी चीजे भी अपने से व्यवस्था करनी पड़ती है। जबकि यह सारी जरूरी चीजें बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा दी जानी चाहिए। वर्दी और आईकार्ड जैसी चीजे तो संविदा कर्मचारियों को नितान्त जरूरी है, लेकिन कोई भी कर्मचारियों की समस्यायों को लेकर सुध लेने वाला नहीं है। चाहे बिजली आधीरात में बिगड़े, चाहे पानी बरस रहा हो कर्मचारी मुस्तैद रहते हैं। बुंदेली सेना ने ऊर्जा मंत्री से कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया है। बुन्देली सेना ने मांग की है कि विद्युत कर्मियों को ठेकेदार से जरूरी उपकरण अवश्य उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा संविदा कर्मियों को भी वर्दी, आईकार्ड उपलब्ध कराए जाने चाहिए। संविदा कर्मचारियों को भी उचित सम्मान मिलना चाहिए।

अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मारकुण्डी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक रमजानी खां तथा आरक्षी कमलेश यादव द्वारा पुष्पेन्द्र उर्फ कमल पुत्र भइयाराम निवासी गजाधर पुरवा मजरा छेरिहा खुर्द को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना मारकुण्डी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

शारदा यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन

नोएडा। ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज, सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल, अजीत प्रसाद महापात्र अखिल भारतीय गो सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रोफेसर प्रमोद दुबे राष्ट्रवादी चिंतक, सतीश चंद्रा चेयरमैन लोक सेवा आयोग को शॉल ओढ़ाकर और तुलसी का पौधा देकर शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता व प्रो चांसलर वाईके गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लेखकों की पुस्तक का विमोचन किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 21 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जम्मू कश्मीर की लोक सेवा आयोग के चेयरमैन सतीश चंद्रा ने कहा कि शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ जो कश्मीर में कार्य कर रहे है वो सराहनीय है। इसकी हम कल्पना नही भी नही कर सकते। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर के हालात में सुधार आया है, आए दिन होने वाली हड़ताल और पत्थरबाजी कम हुई है। स्कूल और कॉलेजों में बिना डरे आ रहे है। ऑफिस भी टाइम से खुल रहे हैं। राष्ट्र चिंतक और विचारक प्रमोद दुबे ने अध्यात्म से आपको दुआ मिलती है जिससे आप खरीद नही सकते। युवाओं को ज्ञान की उपासना करनी चाहिए इसकी वजह आप लोगों बता सके की दया धर्म की जननी है जो अध्यात्म से आती है। वहीं आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज कहा कि परंपरा एक धारा है जो नियमित चलती रहती है। गुरु से ज्ञान की प्राप्ति और जन्म से ही परंपरा का दायित्व होता है।

गृह मंत्रालय के सेवानिवृत्त उप निदेशक के साथ 22.79 लाख की ठगी

नोएडा। सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने का डर दिखाकर साइबर जालसाजों ने गृह मंत्रालय के सेवानिवृत्त उप निदेशक के साथ 22.79 लाख की ठगी कर ली। जालसाजों ने छह बार में कुल रकम ट्रांसफर कराई। इसके बाद भी पैसे मांगने पर उन्हें ठगी की आशंका हुई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नोएडा निवासी बुजुर्ग गृह मंत्रालय के उप निदेशक पद से सेवानिवृत हुए हैं। वर्तमान में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में कंसल्टेंट हैं। कुछ दिन पहले फेसबुक मैसेंजर पर एक युवती ने अश्लील कॉल की। इसके बाद एक नंबर से पीड़ित के पास कॉल आई। कॉलर बुजुर्ग और युवती की फोटो को एडिट कर ब्लैकमेल करने लगा। कॉल करने वाले साइबर जालसाज ने कहा कि यह वीडियो यू ट्यूब पर अपलोड हो रहा है। अगर वह इस परेशानी से बचना चाहता है तो यूट्यूब की हेल्पलाइन पर संपर्क करे। इसके बाद कथित एसआई विक्रम राठौर ने बुजुर्ग के पास कॉल की और वीडियो डिलीट करने एवज में पैसे मांगे। कथित एसआई की तरफ से धमकी दी गई कि अगर वह पैसे ट्रांसफर नहीं करेगा तो उसकी वीडियो को वायरल होने से कोई रोक नहीं पाएगा। बदनामी से बचने के लिए जालसाज की तरफ से भेजे गए अकाउंट में छह बार में रकम भेज दी।

फिरौती के लिए कक्षा 8 के छात्र की हत्या, अपहरणकर्ता मुठभेड़ में गिरफ्तार

चित्रकूटः शनिवार की शाम फिरौती के लिए प्रयागराज जिले के शंकरगढ़ से अगवा किए गए छात्र का शव चित्रकूट जिले के सीमावर्ती अरवारी जंगल में रविवार को सबेरे बरामद होने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। साथ ही मुठभेड़ में दो अपहरणकर्ता भी दबोच लिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज जिले के शंकरगढ़ के सदर बाजार निवासी पुष्पराज केशरवानी का पुत्र शुभ केशरवानी (14) कक्षा आठ का छात्र था। बीती शाम 4 बजे अचानक घर से लापता हो गया। इसके बाद रात में कुछ लोगों ने पुष्पराज के फोन पर शुभ के अपहरण करने की जानकारी देते हुए 15 लाख रूपए की फिरौती की मांग की। इसके चलते पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर शंकरगढ़ थाने की पुलिस भी सक्रिय हो गई। इस दौरान रविवार को सुबह शुभ का शव चित्रकूट जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अरवारी जंगल से बरामद हुआ। जंगल में शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बरगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पिता पुष्पराज केसरवानी द्वारा शिनाख्त किए जाने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो अपहरणकताओं को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने की बात कही है। सूत्रों के अनुसार दो अपहरणकर्ता मुठभेड़ में घायल हुए हैं। साथ ही एक सिपाही भी घायल हुआ है।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत हुए कार्यक्रमों में पोषण के प्रति किया गया जागरूक

चित्रकूटः राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से व आंगनवाड़ी केन्द्र रानीपुरभट्ट में पोषण प्रर्दशनी, पोषण रंगोली कार्यक्रम, योगा, शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान घर में उपलब्ध खाद्यान्न का उपयोग करने और उनके पोषक तत्वों पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड गारिमा भारती एवं गांधी फेलो लक्ष्मी गिरी द्वारा आयुष युक्त जीवन के लिए प्रोत्साहन सत्र सम्बन्धित जानकारी दी गई एवं फोटीफाइड फूड के बारे में भी जानकारी दी गई। फोटीफाइड फूड से सम्बन्धित भ्रांतियां पर चर्चा करते हुए भ्रांतियों के सम्बन्ध में शंका समाधान किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य के सम्बन्ध में रंगोली एवं पौष्टिक प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता सिंह, आशा, कुंती देवी, सहायिका सुनीता आदि मौजूद रहे।

कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया सफाई अभियान

चित्रकूटः कामदगिरि स्वच्छता समिति का स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान रविवार को कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित वराहा के हनुमान मंदिर पर चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि गांधी जी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। सामान खत्म होने के बाद प्लास्टिक की थैली इधर-उधर न फेंके अपनी जिम्मेदारियां का एहसास करें। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने बताया कि कामदगिरि स्वच्छता समिति का यह अभियान भगवान कामतानाथ की ही कृपा से और उनके आशीर्वाद से निरंतर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कामदगिरि आने वाले दर्शनार्थियों से अपील है कि पर्वत की तरफ किसी भी तरह का कचरा का प्रयोग न करें। पर्वत की तरफ विशेष स्वच्छता पर ध्यान दें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान बहुत ही अच्छा अभियान है। इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए और बढ़-चढ़कर इस सामाजिक कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर अंजू वर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, सभासद शुभम केशरवानी, मिथलेश कुमार, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

इस्कॉन में धूमधाम से मनाया गया श्रीराधा अष्टमी का पर्व

चित्रकूटः इस्कॉन चित्रकूट में रविवार को श्री राधा अष्टमी का दो दिवसीय कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रथम दिन आईआईटी कानपुर से आये संतो ने कर्वी बस स्टैंड पर हरे कृष्ण का संकीर्तन किया। जिसमें सैकड़ों नगरवासी झूम के नाच उठे। संकीर्तन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

दूसरे दिन सीतापुर स्थित इस्कॉन के केन्द्र में श्री राधा अष्टमी महोत्सव में भगवान श्री राधा कृष्ण का पंचामृत अभिषेक हुआ तथा उसके बाद आईआईटी कानपुर से आये कीर्तन मंडली ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम, राम हरे हरे।। महामंत्र के संकीर्तन से सारे श्रद्धालु एवं भक्तगण को झूम कर नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में इस्कॉन के प्रेसिडेंट अनंतबलदेव अरविंद दास ने राधारानी के जन्म की सुंदर कथा की। कार्यक्रम में 56 भोग तथा महाआरती का भी आयोजन हुआ। आईआईटी से आये सर्वज्ञ गौरांग प्रभु ने इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की जीवनी पर बनी हॉलीवुड की फिल्म का भी प्रदर्शन किया। जिसमें बताया कि श्रील प्रभुपाद ने अपने गुरुमहाराज के आदेश पर पूरे विश्व में श्री राधा कृष्ण की भक्ति का प्रचार किया और 108 भव्य मंदिरों की स्थापना की।

श्रीकृष्णजन्मोत्सव के भावपूर्ण वर्णन से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

चित्रकूटः श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रीकृष्णजन्मोत्सव कथा के साथ नाट्य मंचन भी किया गया। जिसे देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

राजापुर क्षेत्र के कुसेली गांव में स्व सीनू सिंह पत्नी पुष्पराज सिंह की पुण्य स्मृति पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस भागवताचार्य श्रवण कृष्ण महराज द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव, नरसिंह अवतार, ध्रुव अवतार, प्रहलाद अवतार, कपिल अवतार, श्री राम अवतार, जड़ भरत, वाराह अवतार आदि इस तरह नारायण के 23 अवतारों की कथा सुनाई। साथ ही नारायण के 24 वें अवतार जो कलयुग में कल्कि रूप की भी जानकारी दी गई। कथा वाचक ने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा मित्र हैं। मानव शरीर नौ दरवाजों का भवन है। मानव कभी अपनी इच्छा से बुढापे को स्वीकार नहीं करता है। ऐसे में भजन के लिए बुढापे का इंतजार नहीं करना चाहिए बल्कि बचपन से ही भजन की आदत डाल लेनी चाहिए। भगवान की भक्ति का कार्य 55 से नहीं बचपन से होना चाहिए।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवशंकर सिंह, वीर सिंह, दरियाव सिंह, विजय बहादुर, स्वयं प्रकाश मिश्र, राजकरण सिंह, अर्जुन सिंह, आदित्य रघुवंशी, प्रकाश सिंह, विश्व हिन्दू महासभा भारत जिलाध्यक्ष चित्रकूट तृप्ति तिवारी, मातृ शक्ति उमा सिंह, रेखा सिंह, प्रधान भूसासी गायत्री देवी, श्यामा सिंह आदि मौजूद रहे।

सचल शिविर में मरीजों को किया दवा वितरण

चित्रकूटः भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल के अनुसार राष्ट्रीय सचल चिकित्सा इकाई (एनएमएमयू) योजना द्वारा सचल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी एवं मानिकपुर अधीक्षक मनीष यादव के निदेर्शानुसार ग्राम सभा सेमरदहा में मरीजो का इलाज करते हुए लगभग 75 मरीजों को दवा वितरित की गई। जिसमें डॉ. जगदीश प्रसाद एमबीबीएस एवं फार्मासिस्ट रमाकांत यादव, स्टाफ नर्स शिव बरन, लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार, पायलट वीरेंद्र कुमार पांडेय, डिस्ट्रिक सुपरवाइजर ललित कुमार त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव आदि मौजूद रहे।

दीवार गिरने से युवक घायल

मऊ, चित्रकूटः घर की कच्ची दीवार गिरने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराय। जहां गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत धवाड़ा गांव का निवासी आशीष (20) पुत्र भईयालाल के ऊपर रविवार की दोपहर कच्ची दीवाल गिर गई। जिसे परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

'अगर जेलेंस्की बातचीत को तैयार नहीं तो क्या रूस यूक्रेनी सरकार से बात करे', रूसी विदेश मंत्री का बयान

मास्को। रूस-यूक्रेन के खिलाफ खींचतान लगातार जारी है। दोनों देश एक दूसरे के खिलाफ आक्रामक हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने न्यूयॉर्क पहुंचे रूसी विदेश मंत्री ने टिप्पणी की। उन्होंने यूक्रेन के साथ-साथ अमेरिका पर भी खुले तौर पर हमला किया। उनका कहना है कि जेलेंस्की दुनिया भर में सिर्फ पैसा और हथियार ही मांग रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में शनिवार को एक संवादताता सम्मेलन में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि शांति के लिए यूक्रेन का व्यवहार यथार्थवादी है। अगर जेलेंस्की रूस के साथ बातचीत को रोकने वाले अपने आदेश वापस लेगा तो क्या रूस यूक्रेनी सरकार से बात करेगा। जेलेंस्की दुनिया भर में सिर्फ पैसे और हथियार मांग रहे हैं। लावरोव ने कहा कि यूक्रेन का समर्थन करने वाली सरकारें दुनिया को लोकतंत्र और निरंकुशता में विभाजित करने के प्रयासों में शामिल थीं। अमेरिका और उसके अधीनस्थ पश्चिमी समूह लगातार संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। यह मानवता को विभाजित करता है। उनका कहना है कि आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच विश्वास बहाली का समय आ गया है। रूसी सेना इसके लिए तैयार है और वह मदद करेगी।

नाबालिग बेटी ने की दरिंदे पिता की गोली मारकर हत्या, तीन महीने से कर रहा था दुष्कर्म

पंजाब प्रांत। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक चौंकाने वाली घटना में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, पिता पिछले तीन महीने से अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण कर रहा था। जिससे तंग आकर लड़की ने शनिवार को गोली मारकर पिता की हत्या कर दी। यह घटना लाहौर शहर के गुज्जरपुरा इलाके में हुई। लड़की ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसका पिता पिछले तीन महीने से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी सोहेल काजमी ने कहा, लड़की ने बताया कि वह अपने पिता की दरिंदे से तंग आ चुकी थी। इसलिए उसने दरिंदे पिता को मारने का फैसला किया और उसकी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। काजमी ने बताया कि गोली लगने से लड़की के पिता की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि सभी पहलुओं की जांच के बाद लड़की के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बता दें, शुक्रवार को ही पाकिस्तान की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। इसके एक दिन बाद यह घटना सामने आई।

विदेश मंत्री ने की भारत में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की तारीफ, UNGA पर कही यह बात

ढ़ाका। भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन-2023 का आयोजन किया, जिसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की सराहना की जा रही है। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने भी भारत के कसीदे पढ़े। उन्होंने कहा कि भारत में जी20 अपने चरम पर था। इससे सदस्यों में वास्तविक उत्साह पैदा किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने शनिवार को कहा कि भारत में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन काफी स्पष्ट था। खास तौर पर भारत का प्रबंधन, जो बढ़िया था। उन्होंने कहा कि हमें इस पृथ्वी को बचाना है। भारत ने बेहतर तरीके से पृथ्वी, परिवार और भविष्य का आयोजन किया। इस मुद्दे पर सार्थक चर्चा की गई। हालांकि, सतत विकास का लक्ष्य अब भी बड़ा मुद्दा है। भारत में जी20 के आयोजन के कारण सदस्यों में उत्साह था। बांग्लादेशी मंत्री मोमन ने कहा कि हमें 78वें यूएनजीए से बहुत उम्मीदें हैं। आज पूरा विश्व बंटा हुआ है। हालांकि, बांग्लादेश बहुपक्षवाद के रास्ते पर है। हमारे सामने जलवायु परिवर्तन, महंगाई और खाद्य असुरक्षा जैसी कई चुनौतियां हैं। इस समय वैश्विक परमाणु युद्ध का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था बातचीत और चर्चा के माध्यम से तमाम मुद्दों को हल कर सकती है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मालगाड़ी से टकराई यात्री ट्रेन, दुर्घटना में कम से कम 31 घायल

पंजाब प्रांत । पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को एक यात्री ट्रेन मुख्य रेलवे लाइन पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम 31 लोग घायल हो गए। बता दें, दुर्घटना शेखपुरा जिले में किला सत्तार शाह स्टेशन के पास हुई।

बताया जा रहा है कि मियांवाली से लाहौर जा रही यात्री ट्रेन उसी पटरी पर यात्रा कर रही थी, जहां पहले से ही एक मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन चालक ने हादसे न हो इसके लिए काफी कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बचावकर्मियों ने बताया कि दुर्घटना में 31 यात्री घायल हो गए। इनमें से पांच को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। ट्रेन चालक इमरान सरवर और उसके

सहायक मुहम्मद बिलाल सहित चार रेलवे अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद लाहौर मंडल में ट्रेन परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। पटरी को साफ कर दिया गया है। इसके अलावा, उप प्रधान अधिकारी के नेतृत्व में एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जो 24 घंटे के अंदर घटना पर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। रेलवे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाहिद अजीज ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख जताया और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पिछले एक दशक में, पाकिस्तान में कई घातक ट्रेन दुर्घटनाएं हुई हैं। इस साल अगस्त में कराची से 56 किलोमीटर दूर सिंध प्रांत के नवाबशाह जिले में सहारा रेलवे स्टेशन के पास हवेली जा रही हजारा एक्सप्रेस की 10 बोगियां पटरी से उतर गई थीं, जिसमें कम से कम 275 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन अन्य घायल हो गए थे।

अटलांटा में एक बार फिर गोलीबारी की घटना, किशोर समेत तीन की मौत

अटलांटा। अमेरिका में जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा में एक शॉपिंग मॉल के पास (स्थानीय समयानुसार) को गोलीबारी हुई। घटना में एक किशोर सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

दक्षिण पश्चिम अटलांटा में इवांस स्ट्रीट पर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली। इसके बाद अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, तीन पीड़ितों में से एक ने गोलीबारी की घटना की शुरुआत की। पहले उन दो लोगों के पास पहुंचा और गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि उनमें से एक ने पिस्तौल निकालकर जवाबी गोलीबारी की। रिपोर्ट के अनुसार, यह तीनों पुरुष थे। इनमें से एक की उम्र 17 साल, दूसरे की करीब 20 साल, जबकि तीसरे की उम्र 30 साल के आसपास थी। पुलिस ने फिलहाल आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की है।

'हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की खुफिया जानकारी कनाडा को अमेरिका ने ही दी थी', शीर्ष राजनयिक ने स्वीकारा

वाशिंगटन। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की खुफिया जानकारी अमेरिका ने ही कनाडा को दी थी। इसके बाद कनाडा ने भारतीय अधिकारियों के बीच हुई बातचीत को इंटरसेप्ट करके भारत पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का गंभीर आरोप लगा दिया। जिसे लेकर भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव आ गया है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह दावा किया है।

फाइव आइज देशों में हुई खुफिया जानकारी साझा

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कनाडा में मौजूद शीर्ष राजनयिक ने इसकी पुष्टि की है कि फाइव आइज संगठन के सदस्य देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा हुई थी। बता दें कि फाइव आइज संगठन में अमेरिका, कनाडा के साथ ही ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया भी साझेदार हैं। एनवाईटी की रिपोर्ट्स के अनुसार, निज्जर की हत्या के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने अपने कनाडाई समकक्षों को अहम जानकारी दी थी, जिससे कनाडा को यह निष्कर्म निकालने में मदद मिली कि भारत इसमें शामिल था। कनाडा में अमेरिका के राजदूत डेविड कोहेन ने भी एक मीडिया इंटरव्यू में यह बात स्वीकार की थी कि 'फाइव आइज भागीदारों के

बीच साझा खुफिया जानकारी में ट्रूडो को कनाडाई नागरिक की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता के बारे में सूचित किया था। इस बारे में कनाडा और अमेरिका के बीच काफी बातचीत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडाई समकक्षों को बताया था कि वॉशिंगटन के पास साजिश की कोई अग्रिम जानकारी नहीं थी और अगर उनके पास सूचना होती तो कनाडाई अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया जाता। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर को भी उसकी जान पर संभावित खतरे को लेकर सूचित किया था। हालांकि उसे ये नहीं बताया गया था कि यह हमला भारत सरकार की तरफ से हो सकता है। कनाडा में अमेरिका के राजदूत कोहेन ने कहा कि 'अमेरिका इन आरोपों को बहुत गंभीरता से लेता है। अगर ये सच साबित हुए तो यह नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन है, जिसमें हम काम करना पसंद करते हैं।' बता दें कि जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। बीते दिनों कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद में आरोप लगाया कि इस हत्या में भारत शामिल हो सकता है।

कनाडा विवाद पर ब्रिटिश कोलंबिया के सीएम बोले, ट्रूडो कुछ छिपा रहे या बताने को ठोस नहीं

लंदन। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर (मुख्यमंत्री) डेविड एबी ने निज्जर हत्याकांड मामले में कनाडा की संघीय सरकार के रवैये पर निराशा जताते हुए कहा कि या तो पीएम जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली संघीय सरकार इस मामले में कुछ छिपा रही है, अथवा बताने के लिए उनके पास कुछ ठोस नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अब तक भारत पर जो भी आरोप लगाए हैं, उनसे जुड़े कोई पुख्ता सबूत या खुफिया जानकारी किसी के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि असल में ट्रूडो जिन्हें सबूत बता रहे हैं वे सभी बातें इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया चूंकि निज्जर की हत्या उन्हीं के राज्य में हुई, लिहाजा प्रदेश के लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उन्होंने कनाडाई सुरक्षा व खुफिया सेवा (सीएसआईएस) के निदेशक से भी बात की, लेकिन उन्होंने भी कोई ऐसी अलग जानकारी नहीं दी, जो इंटरनेट, टीवी और अखबारों में उपलब्ध नहीं हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर खुफिया सेवा किसी कानूनी वजह से हमें जानकारी नहीं दे रही है, तो हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि ऐसी कानूनी बाध्यताओं को खत्म किया जाए, जो लोकहित से जुड़ी सूचनाओं के निर्बाध आदान-प्रदान को रोकते हैं। एबी ने दावा किया कि उन्होंने पीएम ट्रूदो से भी इस मुद्दे पर बात की, लेकिन वहां से भी उन्हें ऐसा कुछ भी नहीं बताया गया, जिसके आधार पर वे तय कर सकें कि राज्य में लोगों को किसी से खतरा है। एबी की टिप्पणियों को ट्रूदो के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कनाडा में भारत के पूर्व राजदूत व विदेश मंत्रालय के सचिव रह चुके विकास स्वरूप ने कहा कि ट्रूदो की गैरजिम्मेदाराना हरकत की

वजह से पैदा हुए कूटनीतिक विवाद के समाधान के लिए कनाडा को पीछे हटना होगा। कनाडा के अल्बर्टा स्थित फेयरमोंट बैंफ में आयोजित ग्लोबल बिजनेस फोरम के दौरान उन्होंने कहा, एक आतंकी की हत्या का झूठा आरोप लगाकर कनाडा की तरफ से भारत के साथ रिश्तों को दाव पर लगाना समझ से परे हैं। उधर, भारतीय राजनयिक का निष्कासन दोहरा चरित्र रहा।

ऑस्ट्रेलिया का भी भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन, पेनी वोंग बोलीं- सुरक्षा परिषद में सुधार बेहद जरूरी

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों का आह्वान करते हुए ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत और जापान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपने संबोधन के दौरान वोंग ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के लिए अधिक स्थायी और अस्थायी प्रतिनिधित्व पर जोर दिया। पेनी वोंग ने अफ्रीकी संघ के नेतृत्व

वाले अभियानों के तहत यूएनएससी में योगदान के लिए सुरक्षा परिषद में सुधारों को बेहद जरूरी बताया।

नया प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें

ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने कहा, शांति-सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के कारण ऑस्ट्रेलिया 2029-30 के लिए सुरक्षा परिषद में सीट चाहता है और यही कारण है कि हम सुरक्षा परिषद में सुधारों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमें भारत-जापान के लिए स्थायी सीटों सहित अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया के लिए अधिक स्थायी व गैर-स्थायी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए।

जी-20 नेताओं के समक्ष मोदी ने रखा मुद्दा

वैश्विक व्यवस्थाओं में सुधार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार वैश्विक मंच पर उठाया जाने वाला मुद्दा रहा है। नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भी पीएम मोदी ने वैश्विक प्रणालियों को मौजूदा वास्तविकताओं के अनुसार बनाने के अपने रुख को दोहराया।

भारत दुनिया की चौथी सैन्य शक्ति तो कनाडा 27वीं, तीनों सेनाओं की ताकत में भी कोसों दूर विरोधी

टोरंटो। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के बीच कूटनीतिक विवाद छिड़ा हुआ है।इसकी शुरुआत कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के एक बयान से हुई, जिसमें उन्होंने निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाए थे। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है और आतंकियों के लिए इसे सुरक्षित अड्डा न बनने देने की सलाह भी दी है।

हमारे देश का एनेक्स स्कोर 0.1025 है जहां 0.0000 का स्कोर 'परफेक्ट' माना जाता है। वहीं कनाडा की बात करें तो यह भारत के सामने कहीं नहीं ठहरता। हालिया सूची में 145 देशों में से कनाडा की रैंक 27वीं है। इसका इंडेक्स स्कोर भारत से बहुत कम महज 0.3956 ही है।

मैनपॉवर

ग्लोबल फायरपावर के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सैन्य सेवा के लिए करीब 37 फीसदी आबादी उपयुक्त है। 2,36,23,837 भारतीय हर साल सैन्य आयु तक पहुंचते हैं। देश में अनुमानित सैन्यकर्मियों की संख्या 51,32,000 है। इसमें से 14,50,000 सैन्य कर्मी हैं जबकि रिजर्व कर्मी 11,55,000 हैं। भारत में अर्धसैनिक बलों की तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, भारत का इस सूची में चौथा स्थान है। संख्या 25,27,000 है। वहीं सेना में 21,97,117 जवान हमारे देश की सेवा कर रहे हैं। इसके अलावा नौसेना और वायुसेना के कर्मियों की संख्या क्रमशः 1,42,252 और 3,10,575 है।

कनाडा के मैनपॉवर की बात करें तो इसमें भी यह भारत से काफी पीछे है। इसकी कुल आबादी के करीब 35 फीसदी लोग ही सैन्य ताकत का हिस्सा बनने की योग्यता रखते हैं। यहां सालाना 4,20,559 लोग सेना में भर्ती होने के लिए काबिल होते हैं। कनाडा में कुल 94,500 सशस्त्र सैन्यकर्मी हैं। इनमें से 70,000 सक्रिय कर्मी हैं जबकि रिजर्व कर्मी 19,000 हैं। यहां अर्धसैनिक बल 5,500, वायु सेना कर्मी 15,620, सैन्य कर्मी 42,000 और नौसेना कर्मी 15,700 हैं।

हवाई ताकत

ग्लोबल फायरपावर के मुताबिक, देश की वायुसेना की ताकत आकें तो भारत के पास 2,210 विमानों का स्टॉक है। हमारे पास 577 लड़ाकू विमान हैं, जबकि आक्रमण विमान बेड़े का स्टॉक 130 है। हमारे परिवहन बेड़े की ताकत 98 है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना के पास प्रशिक्षक विमान 353, विशेष-मिशन विमान 73, टैंकर बेड़ा 6, हेलीकॉप्टर 807 और आक्रमण हेलीकॉप्टर 36 हैं।

कनाडा की हवाई ताकत पर गौर करें तो इसमें भी देश भारत से काफी पीछे है। इसके पास 376 विमान वाहक जबकि 63 लड़ाकू विमान हैं। जहां भारत के पास 130 आक्रमण विमान बेड़े हैं तो वहीं कनाडा के पास एक भी नहीं है। इसके अलावा कनाडा के पास परिवहन बेड़े 28, प्रशिक्षक विमान 132, विशेष-मिशन विमान 27, हेलीकॉप्टर 120 और टैंकर बेड़े छह हैं। भारतीय वायुसेना के पास जहां आक्रमण हेलीकॉप्टर 36 हैं वहीं कनाडाई खेमा इसमें निल है।

जमीनी ताकत

भारतीय सेना की जमीनी ताकत कनाडा की तुलना में काफी ज्यादा है। हमारी थलसेना के पास 4,614 टैंक, 100,882 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 100 स्व-चालित तोपखाने, 3,311 ट्यूब तोपखाने और 1500 मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (रॉकेट तोपखाने) हैं।

कनाडा की थल सेना हमारी जमीनी ताकत में भी कहीं नहीं टिकती। इसके पास बख्तरबंद लड़ाकू वाहन का स्टॉक 31,852 है। वहीं कनाडाई थलसेना के पास महज 82 टैंकों की ही ताकत है।

समुद्री ताकत

भारत की समुन्द्र वाली ताकत भी कनाडा से कई गुना ज्यादा है। हमारी नौसेना बेड़े की कुल ताकत 295 है। हमारे पास 138 गश्ती जहाज, 19 छोटे जहाज, 18 पनडुब्बियां, 12 युद्ध पोत, 11 विध्वंसक और दो विमान वाहक हैं। वहीं कनाडाई नौसेना बेड़े की कुल ताकत 61 है। इसके पास 12 युद्ध पोत, 12 गश्ती जहाज और चार पनडुब्बियां ही हैं।

भारत की जी-20 अध्यक्षता को यूएनजीए प्रमुख ने सराहा, कंबोज बोलीं- ग्लोबल साउथ भारतीय संस्कृति का हिस्सा

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 'इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथः डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा (हब्र) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत की जी-20 अध्यक्षता की सराहना की और कहा कि समूह में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने के कारण भारत की हालिया जी-20 अध्यक्षता ऐतिहासिक साबित हुई। 'इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथ- डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फ्रांसिस ने कहा, अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में जी-20 समूह में शामिल करने के लिए भारत ने पहल की, जो ग्लोबल साउथ में एकजुटता और सहयोग का एक मजबूत प्रतीक है।

फ्रांसिस ने कहा कि भारत बेहतर और अधिक टिकाऊ दुनिया के वैश्विक मिशन में अद्वितीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भारत की योगदान की विरासत को मार्गदर्शक और लोकतंत्र को बढ़ावा देने, महिला नेतृत्व आधारित विकास को बढ़ावा देने जैसे प्रयासों को शामिल करने वाला बताया।

जी20 की अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण रही

वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण और उत्तर-दक्षिण विभाजन के कारण भारत की जी-20 की अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण रही। जयशंकर ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता अपने मूल एजेंडे पर वापस आ सके। उन्होंने कहा, आपकी उपस्थिति हमारे लिए बहुत मायने रखती है। यह उन भावनाओं को भी व्यक्त करता है जो आप भारत के लिए महसूस करते हैं और दक्षिण-दक्षिण सहयोग के महत्व को रेखांकित करता है। हम यहां नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन के कुछ ही सप्ताह बाद मिल रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, यह एक चुनौतीपूर्ण शिखर सम्मेलन था। अध्यक्ष के रूप में हमारे लिए वास्तव में चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि हम तीव्र पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण के साथ-साथ बहुत जटिल उत्तर-दक्षिण विभाजन का सामना कर रहे थे। लेकिन जी-20 के अध्यक्ष के रूप में हम यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत दृढ़ थे कि यह संगठन अपने मूल एजेंडे पर वापस आने में सक्षम है, जिस पर दुनिया ने वास्तव में इतनी उम्मीदें लगाई थीं। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता का मुख्य एजेंडा वैश्विक प्रगति और विकास था। उन्होंने कहा कि भारत ने ग्लोबल साउथ समिट की आवाज के साथ अपनी जी-20 अध्यक्षता की शुरुआत की थी। इसका मूल एजेंडा वैश्विक प्रगति और विकास का था। इसलिए यह उचित था कि हम ग्लोबल साउथ समिट की आवाज बनकर अपनी जी-20 अध्यक्षता की शुरुआत करें। जिसमें दक्षिण के 125 देश शामिल थे, जिनमें से अधिकांश ने किसी न किसी क्षमता में भाग लिया।सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि ग्लोबल साउथ से भारत का जुड़ाव सिर्फ नीतिगत नहीं है। हमारे बीच संस्कृति और दर्शन अंतर्निहित है। कोविड जैसे महामारी के दौर में भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया और लगभग 100 देशों को टीके दिए और 150 देशों को दवाओं की सप्लाई की। भारत को वैश्विक फार्मेसी उपनाम दिया गया। भारत खुद से पहले अपने भागीदारों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है। इसी वजह हमने 160 से अधिक देशों के दो लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया।

Nawaz Sharif योजना के मुताबिक लौटेंगे पाकिस्तान, भाई शहबाज बोले- रैली को भी करेंगे संबोधित

इस्लामाबाद। पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की अगले महीने पाकिस्तान लौटने की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनके बड़े भाई 'प्रगति का एजेंडा' पेश करेंगे। लंदन में अपने निर्वासन को समाप्त करते हुए 73 वर्षीय नवाज़ तीन बार प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने और जनवरी में होने वाले आम चुनाव में पीएमएल-एन पार्टी का नेतृत्व करने की उम्मीद है। उन्होंने 2019 में 'मेडिकल आधार' पर पाकिस्तान छोड़ दिया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।